संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

"अपने कर्मों पर विश्वास रखें, नतीजे खुद आपके पास आएंगे।"



**16 अक्टूबर 1964 – भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बैंगलोर में नए अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किए गए।**

पूर्णिया गुरुवार 16 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 205

# प्रधानमंत्री का आंध्र प्रदेश दौरा आज, 13 हजार करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास व उद्घाटन

**राज्य को डबल इंजन सरकार का मिल रहा लाभ: मुख्यमंत्रीप्रधानमंत्री भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी के करेंगे दर्शन**



**करनूल,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम और कुरनूल का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री यहां 13 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी श्रीशैलम में भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी के दर्शन करेंगे और बाद श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्रम भी जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम से एक दिन पहले मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने आज वर्चुअली मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और नंदयाल तथा कुरनूल जिला गठबंधन के अन्य नेताओं से बात की। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने बताया कि 16 अक्टूबर को प्रधानमंत्री राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। उन्होंने कहाकि राज्य सरकार का प्रधानमंत्री ने एक स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाल आंध्र प्रदेश बनाने की दिशा में काम करने की सलाह दी है। नायडू ने बताया कि प्रधानमंत्री कल राज्य में 13 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य को डबल इंजन सरकार की नीतियों का लाभ मिल रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार सुबह 10 बजे विशेष विमान से दिल्ली से कुरनूल हवाई अड्डे पहुंचेंगे। इसके बाद वे वहाँ से एक विशेष हेलीकॉप्टर से सुन्नी पेंटा के लिए उड़ान भरेंगे। वहां से वे सड़क मार्ग से भ्रामराम्बा गेस्ट हाउस जाएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सुबह 11.15 बजे श्रीशैलम के भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी के दर्शन करेंगे। दर्शन के बाद, प्रधानमंत्री दोपहर 12.10 बजे श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्रम जाएंगे। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री दोपहर 2.30 बजे सुपर जीएसटी-सुपर बचत कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर 3 बजे वहीं एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस सभा के बाद वे शाम 4.50 बजे कुरनूल हवाई अड्डे के लिए रवाना होंगे और वहाँ से दिल्ली रवाना होंगे। मंत्री टीजी भरत, सत्यकुमार, निम्माला रामानायडू, टीडीपी के प्रदेश अध्यक्ष पल्ला श्रीनिवास राव और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पीवीएन माधव ने कुरनूल के उपनगर नन्नूर में आयोजित प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। इस संबंध में राज्य के कृषि मंत्री अत्चन्नायडु ने कहा कि जीएसटी सुधारों पर कुरनूल में आयोजित प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को याद रखा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर आंध्र प्रदेश के पुलिस महानिदेशक हरीश कुमार गुप्ता ने आज कुरनूल जिला पुलिस कार्यालय में सुरक्षा के कड़े प्रबंधों की समीक्षा की।

## मप्र में कफ सिरप के सेवन से बीमार एक और बच्चे की मौत, मृतकों का आंकड़ा 24 पहुंचा




**छिंदवाड़ा/भोपाल,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश में जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौतों का सिलसिला जारी है। बुधवार सुबह छिंदवाड़ा जिले के चौरई क्षेत्र में साढ़े तीन वर्षीय बच्ची अम्बिका विश्वकर्मा की नागपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे राज्य में कफ सिरप से मरने वाले बच्चों की संख्या 24 हो गई। अभी दो अन्य बच्चे नागपुर के अस्पतालों में भर्ती हैं।

**कफ सिरप में जहरीली सामग्री की पुष्टि** : जांच में सामने आया कि श्रीसन फार्मा के कोल्ड्रिफ सिरप (बैच SR-13) में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल मौजूद थे, जो किडनी को नुकसान पहुंचाने वाले जहरीले पदार्थ हैं। चेन्नई की सरकारी ड्रग्स लैब ने सिरप को अमानक और 48.6 प्रतिशत जहरीला पाया।

**डॉक्टर और कंपनी पर कार्रवाई** डॉ. प्रवीण सोनी और श्रीसन फार्मा के मालिक गोविंदन रंगनाथन समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डॉ. सोनी ने कोर्ट में स्वीकार किया कि उन्हें सिरप प्रिस्क्राइब करने पर 10% कमीशन मिलता था। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने कंपनी का लाइसेंस रद्द कर उसे हमेशा के लिए बंद कर दिया।

## केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह के निवास पर कांग्रेस का प्रदर्शन, जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर

**भोपाल,** (हि.स.)।

**1 पुलिस से झड़प के दौरान अनाज की बोरी फटने से सड़क पर अनाज बिखर गया।**

-----------------

भोपाल में बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निवास के बाहर प्रदर्शन किया। बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन करने पर पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**किसानों के साथ शिवराज सिंह चौहान से मिलने पहुंचे**



**पटवारी** : किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों ने कांग्रेस कार्यालय में जीतू पटवारी से मुलाकात कर फसलों के सही दाम न मिलने की शिकायत की। इसके बाद पटवारी किसानों के साथ पैदल ही कृषि मंत्री के घर पहुंचने निकल पड़े।

**पुलिस से झड़प, सड़क पर बिखरा अनाज** : रेड क्रॉस चौराहे पर पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं माने। शिवराज सिंह चौहान के घर पहुंचने पर पुलिस से हल्की झड़प हुई और एक बोरी फट जाने से अनाज सड़क पर बिखर गया। कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे।

भाजपा का पलटवार, कहा—"राजनीतिक स्टंट" भाजपा नेताओं ने इस प्रदर्शन को "राजनीतिक स्टंट" बताया। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पटवारी बिना सूचना पहुंचे और केवल लोकप्रियता पाने की कोशिश की। हितेश बाजपेई ने एक्स पर उनकी तस्वीर साझा कर कहा कि "किसानों की चिंता नहीं, बल्कि मीडिया शो पर ध्यान था।"


### पाकिस्तानी सेना का 50 तालिबान लड़ाकों को मार गिराने का दावा

---------------------

पाकिस्तानी सेना ने बलोचिस्तान के स्पिन बोल्डक क्षेत्र में अफ़ग़ान तालिबान और उग्रवादी संगठन फितना अल-ख़वारिज के हमलों को नाकाम करते हुए कम से कम 50 लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के अनुसार, बुधवार सुबह तालिबान ने चार स्थानों पर हमला किया और पाकिस्तान-अफ़ग़ान मैत्री द्वार को भी नष्ट करने का प्रयास किया, जो सीमा व्यापार और कबाइली आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण है। सेना की जवाबी कार्रवाई में अफ़ग़ान ठिकानों को भारी नुकसान हुआ और छह टैंकों सहित आठ चौकियां नष्ट हुईं। इसके अलावा, मंगलवार देर रात ख़ैबर पख़्तूनख़्वा के कुर्रम सीमा क्षेत्र में भी हमले का प्रयास विफल कर दिया गया। आईएसपीआर ने तालिबान के दावे को खारिज किया कि हमला पाकिस्तान की तरफ से हुआ था और इसे "दुर्भावनापूर्ण व झूठ" बताया। यह घटनाक्रम सीमा सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर असर डालने वाला बताया जा रहा है।

## सेना के लिए असॉल्ट राइफलें खरीदी जाएंगी, अमेरिकी कंपनी को 659 करोड़ का ऑर्डर

**- नाइट विजन के सहायक उपकरणों से लैस राइफलों से लंबी दूरी तक निशाना लगाने में होगी आसानी**



**नई दिल्ली,** (हि.स.)रक्षा मंत्रालय ने अमेरिकी कंपनी सिग-सॉयर से 73,000 राइफलों के लिए 659 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। अनुबंध में 7.62x51 मिमी सिग-716 असॉल्ट राइफलें और नाइट-विजन (इमेज इंटेंसिफायर) सहायक उपकरण शामिल हैं। इन राइफलों के आने के बाद सैनिक लंबी दूरी तक प्रभावी निशाना साध सकेंगे।

**कार्यक्षमता और उपयोग**
सिग-716 राइफलें कम रोशनी में भी 500 मीटर तक के लक्ष्य भेदने में सक्षम हैं। पहले खरीदी गई राइफलें कश्मीर और पूर्वोत्तर में नियंत्रण रेखा पर तैनात पैदल सेना और आतंकवाद विरोधी अभियानों में इस्तेमाल हो रही हैं। पाकिस्तान और चीन सीमा पर तैनात बटालियनों को इन राइफलों की प्राथमिकता दी गई है।

**आत्मनिर्भरता और स्थानीय लाभ** : खरीद में 51% से अधिक स्वदेशी सामग्री शामिल है, जिससे रक्षा उत्पादन और स्थानीय लघु उद्योगों को फायदा होगा। यह कदम आत्मनिर्भर भारत और रक्षा निर्माण में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण है।

**पिछला अनुभव और वितरण**
फरवरी 2019 में सिग-सॉयर से 72,400 राइफलें खरीदी गई थीं, जिनमें से अधिकांश सेना को दी गईं। भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना में इन राइफलों का व्यापक वितरण हो चुका है और पैदल सेना की बटालियनों को प्राथमिकता दी गई है।

## पूर्व सैनिकों और आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता सौ फीसदी बढ़ेगी, रक्षा मंत्रालय की मंजूरी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से पूर्व सैनिक कल्याण विभाग की योजनाओं में वित्तीय सहायता को दोगुना करने की मंजूरी दी है। इसमें पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को मिलने वाले विभिन्न अनुदानों में वृद्धि की गई है।

**गरीबी अनुदान और सामाजिक सुरक्षा में मजबूती** : गरीबी अनुदान को दोगुना कर 4,000 रुपये से 8,000 रुपये प्रति माह किया गया है। अब 65 वर्ष से अधिक आयु के गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिक




और उनकी विधवाएं, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है, आजीवन सहायता प्राप्त करेंगे। नई दरें 1 नवंबर से लागू होंगी और इसका वार्षिक वित्तीय भार लगभग 257 करोड़ रुपये होगा। यह कदम सामाजिक सुरक्षा जाल को मजबूत करते हुए पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**विवाह और शिक्षा अनुदान में सुधार** : अब विवाह अनुदान को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। यह अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह और विधवा पुनर्विवाह पर लागू होगा। वहीं, शिक्षा अनुदान को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति माह किया गया है। यह सुविधा दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक) और दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही विधवाओं के लिए लागू होगी।

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में 100 से अधिक नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**कांकेर/कोंडागांव,** (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण की खबरें आ रही हैं। बुधवार को कांकेर जिले के जंगलों से 100 से अधिक नक्सली बीएसएफ कैंप में पहुंचे और आत्मसमर्पण किया। इसमें डिवीजनल कमेटी मेंबर और कंपनी नंबर 5 के कमांडर राजू सलाम, कमांडर प्रसाद और मीना जैसे बड़े कैडर शामिल हैं। सभी नक्सली बस के जरिए कैंप पहुंचे और सुरक्षा कारणों से बीएसएफ कैंप में हाई अलर्ट जारी किया गया। यह अब तक की सबसे बड़ी आत्मसमर्पण कार्रवाई मानी जा रही है। कोंडागांव जिले में सक्रिय पूर्वी बस्तर डिवीजन की 5 लाख इनामी महिला नक्सली गीता उर्फ कमली सलाम ने भी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उसने शासन की विकास योजनाओं, सड़क और मोबाइल नेटवर्क के विस्तार, बिजली-पानी की उपलब्धता और ग्रामीण कल्याण योजनाओं से प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। गीता को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत 50 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास की अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

## वक्फ की सुरक्षा हर कीमत पर सुनिश्चित की जाएगी: सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी


**नई दिल्ली,** (हि.स.)

**पंजीकरण का उद्देश्य अनुचित वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ कानूनी संघर्ष को रोकना नहीं है।**

----------------

उम्मीद पोर्टल' पर वक्फ संपत्तियों का विवरण अपलोड करने और पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आज जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के मुख्यालय में वक्फ हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया।

**सीधा समर्थन उपलब्ध** हेल्प डेस्क के माध्यम से वक्फ संरक्षक, मस्जिदों के इमाम और धार्मिक संस्थाओं के जिम्मेदार सीधे संपर्क कर पंजीकरण संबंधी मदद ले सकते हैं। उद्घाटन सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने किया।



**पंजीकरण और कानूनी लड़ाई** सैयद सआदतुल्लाह ने कहा कि पंजीकरण का उद्देश्य अनुचित वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ संघर्ष को रोकना नहीं है; कानूनी लड़ाई जारी रहेगी।

**सुविधाएँ और संगठनात्मक व्यवस्था** : केंद्र समन्वयक इनाम-उर-रहमान खान ने कहा कि हेल्प डेस्क दस्तावेज अपलोड करने की कठिनाइयाँ दूर करेगा। राज्य स्तर पर वक्फ प्रकोष्ठ स्थापित कर व्यापक व्यवस्था की गई है।

## मप्र में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी के 8 ठिकानों पर छापा

**इंदौर, ग्वालियर।** (हि.स.)

**» इंदौर फ्लैट से लाखों रुपये नगद, आभूषण, लाइसेंसी हथियार और 5000 यूरो जब्त हुए।**

--------------

मध्य प्रदेश लोकायुक्त की टीम ने सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के 8 ठिकानों पर छापेमारी की। इंदौर में सात और ग्वालियर में एक ठिकाने पर जांच चल रही है। टीम ने फ्लैट और घर में रखे दस्तावेज, बैंक खातों और संपत्ति की बारीकी से जाँच की।

**हजारों रुपए और विदेशी मुद्रा जब्त** : इंदौर के पलासिया स्थित फ्लैट से लाखों रुपये नगद, महंगे आभूषण, विदेशी मुद्रा और लाइसेंसी हथियार जब्त किए गए। उनके पास लगभग 5000 यूरो भी मिले।





**संपत्ति और वाहन की जांच**
लोकायुक्त की टीम ने भदौरिया के कई बैंक खातों और पांच लाकरों की जांच की। उनके पास बड़ी संख्या में गाड़ियां पाई गई हैं, जिनकी स्वामित्व जांच की जा रही है।

**पारिवारिक निवेश में संदेह**
जांच में पता चला कि उनके बेटे सूर्यांश और बेटी का फिल्म उद्योग में निवेश से संबंधित लिंक है। भदौरिया 1987 में आबकारी विभाग में भर्ती हुए और अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त हुए थे।

# बिहार विधानसभा चुनाव : जदयू ने 57 उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी, पुराने के साथ नए चेहरों को भी मौका




**पटना,** (हि.स.) Bihar, 15 अक्टूबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची बुधवार को जारी कर दी। इस सूची में पार्टी ने 57 उम्मीदवारों के नामों का की घोषणा की है। इस पहली लिस्ट में कई पुराने नेताओं के साथ कुछ नए चेहरों को भी मौका दिया गया है।

**जदयू उम्मीदवारों की पहली सूची**

आलमनगर-नरेन्द्र नारायण यादव
बिहारीगंज-निरंजन कुमार मेहता
सिंहेश्वर-रमेश ऋषिदेव
मधेपुरा-कविता साहा
सोनबरसा-रत्नेश सादा
महिषी-गुंजेवश्वर साह
कुशेश्वरस्थान-अतिरेक कुमार
बेनीपुर-विनय कुमार चौधरी
दरभंगा ग्रामीण-ईश्वर मंड
लबहादुरपुर-मदन सहनी
गायघाट -कोमल सिंह
मीनापुर -अजय कुशवाहा
सकरा -आदित्य कुमार
कांटी -अजीत कुमार
भोरे -सुनील कुमार
हथुआ -रामवक सिंह
बरौली -मंजीत सिंह
जीरादेई -भीषण कुशवाहा
रघुनाथपुर -विकास कुमार सिंह
बड़हरिया -इन्द्रदेव पटेल
महाराजगंज -हेम नारायण साह
एकमा -धुमल सिंह
मांझी -रणधीर सिंह
परसा -छोटे लाल राय
वैशाली -सिद्धार्थ पटेल
राजापाकर-मेहन्द्र राम
महनार -उमेश सिंह कुशवाहा
कल्याणपुर -महेश्वर हजारी
वारिसनगर -डॉ. मांजरीक मृणाल
समस्तीपुर -अश्वमेघ देवी
मोरवा -विद्यासागर सिंह निषाद
सरायरंजन -विजय कुमार चौधरी
विभूतिपुर -रवीना कुशवाहा
हसनपुर -राज कुमार राय
चेरिया बरियारपुर -अभिषेक कुमार
मटिहानी -राजकुमार सिंह
अलौली -रामचंद्र सदा
खगड़िया -बब्लू मंडल
बेलदौर -पन्ना लाल पटेल
जमालपुर -नचिकेता मंडल
सूर्यगढ़ा -रामानंद मंडल

शेखपुरा -रणधीर कुमार सोनी
बरबीघा -डॉ. कुमार पुष्पंजय
अस्थावां- जितेन्द्र कुमार
राजगीर -कौशल किशोर
इस्लामपुर -रूहेल रंजन
हिलसा -कृष्ण मुरारी शरण
नालंदा -श्रवण कुमार
हरनौत -हरिनारायण सिंह
मोकामा -अनंत सिंह
फुलवारी -श्याम रजक
मसौढ़ी -अरुण मांझी
संदेश -राधा चरण साह
जगदीशपुर -श्रीभगवान सिंह कुशवाहा
डुमरांव -राहुल सिंह
राजपुर - संतोष कुमार निराला को अपना उम्मीदवार बनाया है।

उल्लेखनीय है कि जदयू ने अपनी पहली सूची में सामाजिक समीकरणों पर विशेष ध्यान दिया है। इस सूची में लव कुश (कुर्मी-कोइरी) समाज से 23 उम्मीदवारों को मौका दिया गया है, जो जदयू का कोर वोट बैंक माना जाता है। इसके अलावा अति पिछड़ा वर्ग से 9, दलित वर्ग से 12 और सवर्ण (सामान्य वर्ग) से 12 उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। पार्टी ने चार महिला उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है, जिनमें मधेपुरा से कविता साहा, गायघाट से कोमल सिंह, समस्तीपुर से अश्वमेघ देवी और विभूतिपुर से रवीना कुशवाहा शामिल हैं।

## अमित शाह के मुलाकात के बाद उपेन्द्र कुशवाहा माने,बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने किया नामांकन



**पटना,** (हि.स.) बिहार के उप-मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजय सिन्हा ने बुधवार को लखीसराय से अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। दूसरी ओर सीट शेयरिंग से नाराज उपेंद्र कुशवाहा की दिल्ली में अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात हुई है। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी इस मौके पर मौजूद थे। दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक बैठक चली। बैठक के बाद उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि कुछ मुद्दे को लेकर उलझन थी, जिसपर विचार विमर्श किया गया। अब हम उम्मीद करते हैं कि कोई कठिनाई नहीं होगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बिहार में निश्चित रूप से बनेगी।-

## सीआईएसएफ बस दुर्घटना के संबंध में जिलाधिकारी और एसएसपी ने ली घटना की जानकारी, जांच के दिए निर्देश



**पटना,** (हि.स.) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की कम्पनी 542 'सी' अपने संपूर्ण दल-बल के साथ "बिहार विधान सभा चुनाव" के ड्यूटी हेतु सिवान से डोरीगंज के जा रही थी। समय करीब 02:15 बजे प्रातः, जब बस रसुलपुर थाना क्षेत्र के पाण्डेय छपरा गाँव के समीप पहुँची, तभी सामने से आ रहे बालू लदे ट्रक ने बस में सामने से टक्कर मार दी तथा ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में बस क्षतिग्रस्त हो गई तथा बस में सवार 41 जवान एवं चालक घायल हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रसुलपुर दल-बल सहित घटनास्थल पर पहुँचे और घायलों को एम्बुलेंस द्वारा एकमा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। वहाँ से 25 जवानों को सदर अस्पताल, छपरा तथा उनमे से 18 जवानो की स्थिति गंभीर पायी जाने के कारण उन्हे पारस अस्पताल, पटना रेफर किया गया। रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा दोनों वाहनों को जप्त कर लिया गया है तथा कम्पनी कमांडर के आवेदन पर रसुलपुर थाना कांड सं0-178/25 दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी, सारण एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण ने डोरीगंज स्थित CISF आवासन स्थल पहुँचकर जवानों से घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरार ट्रक चालक की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा घटना की पूर्ण जांच की जाए।

## लोजपा -आर ने 14 उम्मीदवार की पहली सूची जारी की

**पटना,** (हि.स.) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास (लोजपा आर) ने आज शाम 14 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी।
लोजपा-आर के 14 उम्मीदवार की सूची
लोजपा आर ने पूर्वी चंपारण के गोविन्दगंज से राजू तिवारी, सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह, सिवान के दरौली (अनु. जाति) से विष्णु देव पासवान, सारण के गरखा (अनु.जाति) सीमांत मृणाल, बेगूसराय के साहेबपुर कमाल से सुरेन्द्र कुमार को उम्मीदवार बनाया है। बेगूसराय के बखरी (अनु.जाति) से संजय कुमार, खगड़िया के परबत्ता से बाबूलाल शौर्य, भागलपुर के नाथनगर से मिथुन कुमार, पटना के पालीगंज से सुनील कुमार, रोहतास के डेहरी से राजीव रंजन सिंह, बक्सर के ब्रह्मपुर से हुलास पांडे, कटिहार के बलरामपुर से संगीता देवी, जहानाबाद के मखदुमपुर रानी कुमारी, औरंगाबाद के ओबरा प्रकाश चन्द्र को चिराग की पार्टी की ओर से टिकट दिया गया है

## बिहार विधानसभा चुनाव : लोजपा-आर ने 14 प्रत्याशियों की पहली सूची की जारी




**पटना,** (हि.स.)।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने 14 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खलिक ने इसे लेकर सूचना जारी की है।
लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर) की केंद्रीय चुनाव समिति ने आज बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कुल 14 उम्मीदवारों के नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।
लोपजा-आर ने गोविन्दगंज से राजू तिवारी, सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह, दरौली (अनु.जाति) से विष्णु देव पासवान, गरखा (अनु.जाति) से सीमांत मृणाल, साहेबपुर कमाल से सुरेन्द्र कुमार को प्रत्याशी बनाया है।
इन सबके अलावा पार्टी ने बखरी (अनु. जाति) से संजय कुमार, परबत्ता से बाबुलाल शौर्य, नाथनगर से मिथुन कुमार, पालीगंज से सुनील कुमार, ब्रह्मपुर से हुलास पांडे, डेहरी से राजीव रंजन सिंह, बलरामपुर से संगीता देवी, मखदुमपुर से रानी कुमारी और ओबरा से प्रकाश चन्द्र को चुनावी मैदान में उतारा है।

## बिहार विधानसभा चुनाव : भाजपा ने मैथिली ठाकुर और आनंद मिश्रा को भी बनाया उम्मीदवार



**पटना,** (हि.स. । बिहार विधानसभा चुनाव -2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी दूसरी सूची बुधवार शाम जारी की। इस सूची में प्रसिद्व लोकगायिका मैथिली ठाकुर सहित 12 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।
मैथिली ठाकुर को दरभंगा जिले के अलीनगर से टिकट मिला है। वहीं बक्सर सीट से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है। मैथिली ठाकुर को इससे पहले मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार का 'स्टेट आइकॉन' नियुक्त किया गया था। पत्रकारों से बातचीत में, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह चुनाव लड़ने पर विचार करेंगी, तो उन्होंने कहा था कि उनका अपने गृहनगर से गहरा नाता है और उनका मानना है कि यहीं से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करना एक बहुमूल्य सीख होगी।
उल्लेखनीय है कि बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने सोमवार को एक फेसबुक पोस्ट में मैथिली ठाकुर के साथ अपनी मुलाकात का विवरण साझा किया। तावड़े ने लिखा, "प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर, जिनका परिवार 1995 में लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान बिहार छोड़कर चला गया था, अब राज्य के तेज विकास से प्रेरित होकर वापस लौटना चाहती हैं।
उन्होंने आगे लिखा, "आज केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और मैंने उनसे बिहार के विकास में योगदान देने और लोगों की उम्मीदों को पूरा करने का अनुरोध किया। हम मैथिली ठाकुर को शुभकामनाएं देते हैं।"
उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशियों की सूची आने का सिलसिला जारी है। सबसे पहले, पहली सूची भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को जारी की थी और आज यानी बुवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सूची दोपहर में आने के बाद शाम होते-होते भाजपा ने 12 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इसमें लोक गायिका मैथिली ठाकुर के अलावा चर्चित भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी आनंद मिश्रा का भी नाम है।
मैथिली ठाकुर पिछले कई दिनों से भाजपा के संपर्क में थीं। उन्हें 14 अक्तूबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पार्टी सदस्यता दिलाई थी। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में बक्सर से भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर पूर्व आईपीए अधिकारी आनंद मिश्रा भी कुछ महीने पहले ही जनसुराज को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। अब भाजपा ने उन्हें भी टिकट दे दिया है।

**भाजपा की दूसरी सूची में शामिल उम्मीदवार**

1.अलिनगर-मैथिली ठाकुर
2.हायाघाट-रामचंद्र प्रसाद
3.मुजफ्फरपुर-रंजन कुमार
4.गोपालगंज-सुभाष सिंह
5.बनियापुर-केदार सिंह
6.छपरा-छोटी कुमारी
7.सोनपुर-विनय कुमार सिंह
8.रोसड़ा-वीरेंद्र कुमार
9.बाढ़-सियाराम सिंह
10.अगिआंव-महेश पासवान
11.शाहपुर-राकेश ओझा
12.बक्सर-आनंद मिश्रा

## सीआईएसएफ के जवानों को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, दो दर्जन जवान घायल



**पटना,** (हि.स.)। सारण में बुधवार सुबह सीआईएसएफ के जवानों को ले जा रही बस एक अनियंत्रित ट्रक से टकरा गई। जोरदार टक्कर में 25 से अधिक जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।हादसा सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के पाण्डेय छपरा गांव के पास हुआ।
मिली जानकारी के अनुसार जवान दिल्ली से सीवान पहुंचे थे और वहां से सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी पर जा रहे थे। दुर्घटना का शिकार हुए बस में कुल 40 जवान सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।
घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और रसूलपुर व एकमा थाने की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल जवानों को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।
एकमा के एडीपीओ राजकुमार ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। चालक घटना के बाद फरार हो गया है। उसकी गिरफ़्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## मैं विधानसभा का चुनाव नहीं लडूंगा,पार्टी को होगा नुकसान : प्रशांत किशोर



**पटना,** (हि.स.)जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को कहा कि वे बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनके राघोपुर से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी के हित में लिया गया है।
प्रशांत किशोर ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी पार्टी सदस्यों ने फैसला कर लिया है, मुझे सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के काम पर ध्यान केंद्रित करना है, इसलिए मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूं।
प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज ने फैसला लिया है कि मेरे पास पहले से जो काम है, उसी को पूरी तरह से मैं कर लूं तो काफी होगा। अगर चुनाव लड़ने जाऊंगा तो 4 से 5 दिन का नुकसान होगा। इस नुकसान से पार्टी के कई उम्मीदवारों को नुकसान हो सकता है। इसलिए पार्टी के हित में मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है कि जो काम मैं कर रहा हूं, वह करता रहूं। उन्होंने कहा कि पार्टी को कम से कम 150 सीटें जीतनी होंगी, नहीं तो इसे हार के रूप में देखा जाएगा।
प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता पहले से ही जानती है कि ये लोग लूट के लिए लड़ रहे हैं। जब आप सोचेंगे कि आप बिहार को कितना लूट सकते हैं, तो ऐसा होना तय है। राजग और महागठबंधन, दोनों की यही स्थिति है। सम्राट चौधरी के खिलाफ एक जाने-माने डॉक्टर चुनाव लड़ रहे हैं और तारापुर में उन्हें घेर लिया जाएगा।

## राजद नेता तेजस्वी यादव ने रघोपुर से दाखिल किया नामांकन



**पटना,** (हि.स.) राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बुधवार को राघोपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी रामबाबू बैठा के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा, " राघोपुर की जनता ने हम पर लगातार दो बार भरोसा किया है। जनता मालिक है। यह तीसरी बार है जब हमने राघोपुर से अपना नामांकन दाखिल किया है। हमें विश्वास है कि राघोपुर की जनता एक बार फिर हम पर भरोसा करेगी। हम सिर्फ़ सरकार नहीं बनाना चाहते, हम बिहार बनाना चाहते हैं। अब बिहार भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त राज्य बनना चाहता है। कई लोग अफवाह फैला रहे थे कि हम दो जगहों से चुनाव लड़ेंगे।"

# पूर्णिया में विधानसभा वार EVM-VVPAT मशीनों का विखंडीकरण जारी, डीएम अंशुल कुमार ने किया निरीक्षण

**प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष जोर, डीएम ने दिए कड़े निर्देश — "EVM की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता", अब तक 2186 बैलेट यूनिट्स का विखंडीकरण कार्य पूरा**

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत पूर्णिया जिला में विधानसभा वार EVM और VVPAT मशीनों के विखंडीकरण का कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) के नेतृत्व में जारी है। प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत इस प्रक्रिया का उद्देश्य चुनाव की पारदर्शिता, सुरक्षा और मतदाता विश्वास को सुनिश्चित करना है।

**निरीक्षण के दौरान सुरक्षा और अनुशासन पर दिया गया जोर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बुधवार को वेयरहाउस पहुंचकर मशीनों के विखंडीकरण की प्रगति और सुरक्षा व्यवस्था का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि वेयरहाउस परिसर में साफ-सफाई बनी रहे, सभी कर्मियों को ID कार्ड साथ रखना अनिवार्य हो,



**अनुशासन और पारदर्शिता लोकतंत्र की नींव" — डीएम अंशुल कुमार**

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने कहा, "सख्त अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से ही विधानसभा वार विखंडीकरण पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सकता है। प्रत्येक कर्मी को अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से करना होगा। यही लोकतंत्र की विश्वसनीयता और मतदाता विश्वास की कुंजी है।"

और परिसर में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा।
डीएम ने कहा, "EVM की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक चरण में अनुशासन और सावधानी लोकतंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाती है। विखंडीकरण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जा रही है ताकि सभी विधानसभा क्षेत्रों की मशीनें समय पर और सुरक्षित रूप से तैयार रह सकें।"

**2186 बैलेट यूनिट्स का विखंडीकरण पूरा** :EVM के नोडल पदाधिकारी सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री संजय कुमार ने बताया कि अब तक जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों की कुल 2186 बैलेट यूनिट (BU) का विखंडीकरण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि सभी BU, CU और VVPAT मशीनों का कार्य नियत समय में पूरा किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया में सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम और सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

CCTV **निगरानी में चल रहा पूरा कार्य** :नोडल पदाधिकारी ने बताया कि वेयरहाउस की निगरानी 24 घंटे सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा बलों के माध्यम से की जा रही है। सभी संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी असामान्यता या तकनीकी समस्या की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारी को दें।

**चुनावी तैयारी में पूर्ण अनुशासन और समर्पण** :जिला प्रशासन के अनुसार, यह प्रक्रिया पूरे अनुशासन, सुरक्षा और नियमानुसार निरंतर जारी है। चुनाव के पूर्व सभी विधानसभा क्षेत्रों की EVM और VVPAT मशीनें पूरी तरह व्यवस्थित, सुरक्षित और उपयोग हेतु तैयार रहेंगी।

## चुनावी व्यय-लेखा एवं अनुक्षण शिकायत केंद्र 24×7 कार्यरत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत अंशुल कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, के निर्देश में पूर्णिया में व्यय-लेखा एवं अनुक्षण कोषांग से संबंधित शिकायत केंद्र समाहरणालय स्थित एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र में 24×7 सक्रिय है।
इस केंद्र का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करना है। नागरिक, राजनीतिक दल और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार यहां चुनावी प्रचार से संबंधित व्यय और आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**संपर्क के लिए उपलब्ध दूरभाष नंबर हैं:**

06454-241555 /
06454-243000 /
06454-242310।



**किसी भी शिकायत या सूचना के लिए इन नंबरों पर कॉल करके जानकारी दी जा सकती है।**

शिकायत केंद्र में कार्यरत कर्मी शिकायतों का तत्काल निपटान और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। इससे निर्वाचन प्रक्रिया में विश्वसनीयता और सार्वजनिक विश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नागरिकों और राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे निर्देशों का पालन करते हुए किसी भी अनियमितता या उल्लंघन की सूचना दें। यह व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और भरोसेमंद हो।

इस केंद्र के माध्यम से चुनाव में नियमों का अनुपालन और मतदाता विश्वास दोनों बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। सभी नागरिकों और उम्मीदवारों को शिकायत केंद्र का लाभ लेने की प्रेरणा दी जा रही है।

## भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने पार्टी निर्णय के प्रति जताया समर्थन और प्रतिबद्धता

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

भाजपा जिलामंत्री श्रीमती नूतन गुप्ता ने टिकट जारी होने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आकर मन की बात साझा की। उन्होंने कहा कि टिकट न मिलने से वह निराश नहीं हैं और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा हमेशा अटल रहेगी।श्रीमती गुप्ता ने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य है कि केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंचे, ताकि हर नागरिक को लाभ मिल सके।

**पार्टी निर्णय के प्रति समर्थन और प्रतिबद्धता**:जिलामंत्री ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल द्वारा दिए जाने वाले सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में वह जनता से मिलकर एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत करती रहेंगी।





**जनता से जुड़ाव और आभार** : श्रीमती गुप्ता ने कहा कि वे जनता के हर सुख-दुख में साथी बनी रहेंगी और भाजपा के निर्णय के साथ हमेशा खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र के लोगों का स्नेह और प्यार उन्हें हमेशा याद रहेगा।उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी द्वारा जो भी दायित्व सौंपा जाएगा, उसका पालन वे तन-मन से करेंगी। श्रीमती गुप्ता ने बिहार विधानसभा के सभी एनडीए उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## साईबर थाना पुलिस ने ठगी के पैसे वापस कराए

साईबर थाना पूर्णिया को मिली शिकायत के बाद ,साइबर थाना पुलिस ने तत्परता से साईबर ठगी के एक मामले खुलासा किया और मामले में पीड़ित पंकज शर्मा को ठगे गए 20,000 रुपये वापस कराए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि यह राशि बैंक और तकनीकी टीम के सहयोग से वापस कराई गई है। साईबर थाना ने नागरिकों से साईबर ठगी से बचाव हेतु सतर्क रहने और किसी अज्ञात लिंक या कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की अपील की है।

## पूर्णिया विधानसभा से टिकट मिलने के बाद भाजपा-एनडीए प्रत्याशी विजय खेमका का कार्यकताओं ने किया स्वागत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया विधानसभा में भाजपा और एनडीए के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा घोषित प्रत्याशी विजय खेमका के पूर्णिया आगमन पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पूर्णिया आने के क्रम मे हरदा बाजार, मधुबनी बाजार, रजनी चौक, रामबाग और कटिहार मोड़ सहित विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा और एनडीए कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहना कर उनका स्वागत किया और जयघोष किया ,इस दौरान कार्यकर्ता उत्साहित दिखे ।इस दौरान



क्षेत्र में एनडीए समर्थकों मे विजय खेमका को तीसरी बार भाजपा एवं एनडीए के प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थक जोश दिख रहे थे । इस अवसर पर विजय खेमका ने कहा कि उन्हें पार्टी ने पुनः पूर्णिया विधानसभा से प्रत्याशी बनाकर सम्मानित किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनता से संवाद में कहा कि उनका संकल्प है विकसित, आत्मनिर्भर और सुविधाओं से संपन्न पूर्णिया का निर्माण करना, क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना।

## बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 : स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता जागरूकता तैयारियां पूरी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए बुधवार को स्वीप कोषांग की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग एवं सह-जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस की अध्यक्षता में वन स्टॉप सेंटर स्थित पालना घर को स्वीप कोषांग के सफल संचालन हेतु चिन्हित किया गया।
समीक्षा बैठक में स्वीप कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में 18 अक्टूबर 2025 को





आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के आयोजन तथा विधानसभा वार Low VTR (कम मतदान दर वाले) केंद्रों की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को भव्य एवं प्रभावशाली रूप में आयोजित करने का निर्देश दिया गया।जिला प्रशासन ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम की तैयारियों को पूर्णता और कुशलता के साथ सुनिश्चित करें। इस तैयारी का उद्देश्य मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और निर्वाचन प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों और अभियान के माध्यम से मतदाता जानकारी एवं संवेदनशीलता को बढ़ावा दिया जाएगा।

## जागरूकता : पूर्णिया में डोर-टू-डोर मतदान जागरूकता अभियान



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में और नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत प्रखंड स्तर की महिला पर्यवेक्षिकाएँ, जीविका दीदी, कल्याण विभाग के कर्मी और आशा महिला कार्यकर्ता शामिल हुए। इनकी टीम ने जिले के कुल 14 चिन्हित Low VTR मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाताओं को डोर-टू-डोर कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को यह संदेश देना था कि 11 नवंबर 2025 को अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना अनिवार्य है। अभियान के दौरान मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, समय और मतदान केंद्र की जानकारी भी प्रदान की गई। जिला प्रशासन ने इस अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी मतदाता भाग लें और मतदान प्रतिशत बढ़े। अभियान में शामिल कर्मियों ने मतदाताओं को मतदान के महत्व और लोकतंत्र में उनके योगदान के बारे में समझाया। डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान से यह भी सुनिश्चित किया गया कि कम मतदान वाले केंद्रों पर मतदाता सक्रियता बढ़े, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र की इस महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग लें।

## पूर्णिया में वाहन जाँच में बड़ी रकम जब्त, अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए समिति सक्रिय

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया FST टीम के मजिस्ट्रेट श्री चंदन कुमार, सह-राजस्व अधिकारी, पूर्णिया पूर्वी अंचल द्वारा शुक्रवार को वाहन जाँच के दौरान एक बड़ी रकम जब्त की गई। कसबा से आ रहे चार चक्का वाहन की जाँच के दौरान वाहन में रू0 1,20,000.00 (एक लाख बीस हजार मात्र) नगद पाया गया।जाँच के दौरान वाहन सवार श्री अतिश कुमार भगत, पिता-अमरनाथ, गढ़बनेली वार्ड संख्या 09, थाना-कसबा, जिला पूर्णिया ने बताया कि वे मरंगा जा रहे हैं। हालांकि, पाई गई नगद राशि के संबंध में उन्होंने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इसके परिणामस्वरूप मजिस्ट्रेट ने नगद राशि जब्त कर कोषागार, पूर्णिया में सुरक्षित रखने की कार्रवाई शुरू कर दी है।
जिला प्रशासन द्वारा गठित त्रिस्तरीय समिति अब इस मामले की अग्रेत्तर कार्रवाई करेगी। समिति द्वारा नगद राशि की स्रोत जांच, संबंधित पक्ष से विवरण प्राप्त करना और नियम के अनुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाएगा।
प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी के पास इस घटना से संबंधित जानकारी हो, तो वे तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

## साईबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम



साईबर जागरूकता माह के अवसर पर साईबर थाना पूर्णिया की ओर से बुधवार को शहर के निजी स्कूल फॉर्चुना साइन स्कूल में साईबर सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों औरशिक्षकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और डिजिटल लेन-देन के दौरान सावधानियों की जानकारी दी गई।
अधिकारियों ने बताया कि साईबर अपराध से बचाव के लिए सतर्कता और जागरूकता ही सबसे बड़ा उपाय है। इस अवसर पर विद्यार्थियों से साईबर सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई।

## टीबी मुक्त अभियान के तहत निक्षय मित्रों द्वारा टीबी मरीजों को फूड पैकेट का वितरण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

देश को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार पूर्णिया जिले में भी टीबी मरीजों के इलाज और पुनर्वास के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। बुधवार को राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र में निक्षय मित्रों द्वारा टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार युक्त फूड पैकेट वितरित किए गए।इस अवसर पर सीडीओ डॉ. कृष्ण मोहन दास, टीबी विशेषज्ञ डॉ. दिनेश कुमार, शहरी पीएचसी पूर्णिया कोर्ट की प्रभारी डॉ. प्रतिभा कुमारी, डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. मेहतलता जबी, डीपीएस राजेश कुमार शर्मा, केएचपीटी के जिला समन्वयक



मो. मासूम रजा, विद्या बिहार इंस्टीट्यूट के दुर्गेश झा सहित जिले के यक्ष्मा केंद्र के एसटीएस, एसटीएलएस एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

**प्रोत्साहन राशि और पौष्टिक आहार का सहयोग : सीडीओ**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. कृष्ण मोहन दास ने कहा कि "टीबी ग्रसित मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान छह माह तक हर महीने ₹500 की प्रोत्साहन राशि सीधे उनके बैंक खाते में दी जाती है।" उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारी और कर्मी "निक्षय मित्र" के रूप में फूड पैकेट भी प्रदान करते हैं ताकि मरीजों को पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके और वे तेजी से स्वस्थ हो सकें। उन्होंने सभी मरीजों से अपील की कि टीबी के प्रारंभिक लक्षण दिखते ही जांच करवाएं और चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवा का नियमित सेवन करें।

**फूड पैकेट के पौष्टिक तत्वों से मरीजों में दिख रहा तेजी से सुधार : डीपीएस**

डीपीएस राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि"टीबी के दौरान मरीजों में कमजोरी अधिक होती है, ऐसे में नियमित जांच, दवा और पौष्टिक आहार का सेवन उन्हें शीघ्र स्वस्थ बना रहा है।"उन्होंने कहा कि फूड पैकेट में दिए गए पौष्टिक तत्वों के सेवन से मरीजों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। कई मरीजों ने भी बताया कि पहले जहां उन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती थी, वहीं अब नियमित पौष्टिक आहार और दवा के सेवन से वे सामान्य जीवन जी पा रहे हैं।

**टीबी मुक्त भारत की दिशा में निरंतर कदम** :कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि टीबी का इलाज पूरी तरह निःशुल्क है और सरकार द्वारा सभी आवश्यक जांच व दवाएं सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध कराई जाती हैं।

# अभियान : पूर्णिया कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक सूची पंजीकरण अभियान जारी

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार विधान परिषद् के कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए नवीनतम निर्वाचक सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया है। आयोग द्वारा इस प्रक्रिया के लिए अर्हता तिथि 01 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय, पूर्णिया के अनुसार सभी पात्र नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने नाम का पंजीकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर कराएं, जिससे उनका मतदान का अधिकार सुरक्षित रहे।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ और कार्यक्रम विवरण**

जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन आयोग ने 30 सितंबर 2025 (मंगलवार) को सार्वजनिक नोटिस जारी किया है। इसके बाद समाचार पत्रों में इसका पुनः प्रकाशन 15 अक्टूबर (बुधवार) को किया गया , और 25 अक्टूबर (शनिवार) को किया जाएगा। पंजीकरण के



इच्छुक आवेदक प्रपत्र-18 में आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 6 नवंबर 2025 (गुरुवार) रखी गई है। इसके बाद 25 नवंबर 2025 (मंगलवार) को प्रारूपित निर्वाचक सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

निर्वाचक सूची के प्रकाशन के बाद 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक दावे और आपत्तियाँ दर्ज की जा सकेंगी। इन सभी प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के उपरांत 30 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को अंतिम निर्वाचक सूची प्रकाशित की जाएगी।

**पात्रता शर्तें और आवेदन प्रक्रिया**

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि आवेदनकर्ता को 01 नवंबर 2025 से कम से कम तीन वर्ष पूर्व किसी भारतीय विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त होनी चाहिए या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए। साथ ही आवेदक संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का स्थायी निवासी होना आवश्यक है।

इच्छुक उम्मीदवार प्रपत्र-18 भरने के लिए जिले के विभिन्न सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के कार्यालयों में जा सकते हैं। इनमें जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा नगर परिषद/नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, राजस्व अधिकारी और अन्य नामित अधिकारी भी आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करेंगे।

**जिला प्रशासन की अपील**

जिला पदाधिकारी, पूर्णिया ने सभी योग्य स्नातक नागरिकों से अपील की है कि वे 06 नवंबर 2025 तक प्रपत्र-18 में आवेदन जमा करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सूची का अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अहम हिस्सा है, जिससे प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदान का अवसर सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने दस्तावेजों की सत्यता की जांच कर निर्धारित समय सीमा में आवेदन अवश्य करें। जिला निर्वाचन कार्यालय ने कहा है कि कोई भी पात्र मतदाता यदि पंजीकरण से वंचित रह जाता है, तो उसे आगामी कोसी स्नातक निर्वाचन में मतदान का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अतः सभी स्नातक मतदाताओं से समय पर आवेदन करने की विशेष अपील की गई है।

### मिल्लिया फखरूद्दीन अली अहमद बी.एड. टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज,, मे हुआ आयोजित

# मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर महाविद्यालय में समारोह

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

मिल्लिया फखरूद्दीन अली अहमद बी.एड. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रामबाग, पूर्णिया में पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्राचार्य डॉ. शहबाज रिजवी, शिक्षक एवं प्रशिक्षुओं ने दीप प्रज्वलित कर और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**डा. कलाम के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश**

प्राचार्य डॉ. रिजवी ने अपने संबोधन में डॉ. कलाम के संघर्षशील जीवन और उपलब्धियों का परिचय दिया। डॉ. कलाम का जन्म 15 अक्टूबर



1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था। वे भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात वैज्ञानिक और अभियन्ता के रूप में विख्यात थे। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) में उन्होंने चार दशकों तक महत्वपूर्ण योगदान दिया और भारत के बैलेस्टिक मिसाइल और अंतरिक्ष प्रक्षेपण तकनीक के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. कलाम ने 2002 से 2007 तक भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति के रूप में सेवा की। उन्हें भारत रत्न समेत कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्होंने कई पुस्तकों की रचना की, जिनमें "इंडिया 2020: ए विजन फॉर द न्यू मिलेनियम", "माई जर्नी" और "इग्नाइटेड माइंड्स" शामिल हैं।

**महाविद्यालय में योगदान और छात्र-छात्राओं की भागीदारी**

प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के आयोजन में योगदान देने के लिए सहायक प्राध्यापक श्री कुंदन कुमार और श्री प्रवीण कुमार सिंह को विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस प्रकार महाविद्यालय ने डॉ. कलाम की प्रेरणादायक जीवन गाथा और उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।

# तीन दिन से लापता युवक का कनैला बहियार में पेड़ से लटका शव बरामद

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चांदी पंचायत अंतर्गत कनैला बहियार में बुधवार को एक युवक का शव शीशम के पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नगर निगम वार्ड संख्या 46 निवासी जेयरा उरांव के पुत्र मनोज उरांव (35 वर्ष) के रूप में हुई है।

ग्रामीणों ने सुबह खेत में काम करने पहुंचे तो पेड़ से लटका शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष सुदिन राम दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।



परिजनों ने बताया कि मनोज तीन दिन से लापता था। उसकी साली कानू देवी ने कहा कि वह मछली लाकर घर से निकला था, फिर लौटकर नहीं आया। उन्होंने बताया कि परिवार में किसी प्रकार का विवाद नहीं था।

थानाध्यक्ष ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अपराधिक घटना का योजना बनाते एक देशी कट्टा ,दो जिंदा कारतूस के साथ दो अपराधी गिरफ्तार,तीन फरार

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जिले भर में प्रतिबंधित मादक पदार्थों के तस्करों, आपराधिक तत्वों और असामाजिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए सघन अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में पुलिस ने जानकीनगर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से संभावित घटना को विफल कर दिया गया। जानकारी देते हुए जानकीनगर थानाध्यक्ष परीक्षित पासवान ने



बताया कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पूर्णिया के निर्देशानुसार पूरे जिले में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चकमका ओपी अंतर्गत मिर्चएबारी पोखर के पास कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें पुअनि परीक्षित पासवान, चकमका ओपी प्रभारी पुअनि विवेक कुमार और रूपेश्वरी ओपी प्रभारी अनुष्का कुमारी शामिल थे। टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर अपराधी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन बल की तत्परता से दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि तीन अन्य अपराधी फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मो. इम्तियाज और मो. तबारक, दोनों निवासी लक्ष्मीपुर, वीरनगर थाना, भरगामा (जिला अररिया) के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं, मो. इरशाद सहित तीन फरार अपराधियों की तलाश जारी है। पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। दोनों गिरफ्तार अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# बनमनखी विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना, बदल सकते हैं जातीय समीकरण

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

बनमनखी विधानसभा क्षेत्र (सीट संख्या 59 — अनुसूचित जाति) में इस बार का विधानसभा चुनाव दिलचस्प मोड़ लेने का संकेत दे रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि विधानसभा चुनाव 2025 में इस क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला बन सकता है, जिससे पारंपरिक जातीय समीकरण बदलने की संभावना है।

पिछले चुनावों में यह सीट मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से जानी जाती रही है। क्षेत्र से भाजपा के विधायक कृष्ण



कुमार ऋषि कई बार विजयी रहे हैं। इस बार जन सुराज पार्टी की संभावित एंट्री से चुनावी परिदृश्य में नया रोमांच जुड़ गया है और मुकाबला और कड़ा होने की आशंका जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि अब तक राजद की ओर से इस सीट के लिए आधिकारिक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। पार्टी के कई संभावित दावेदार पटना में सक्रिय हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार संजय/संजय सोना उर्फ सोना पासवान (सूत्रों में नाम इसी स्वरूप में चर्चित है) टिकट की दौड़ में हैं, पर पार्टी नेतृत्व ने अभी तक किसी नाम पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यदि चुनाव त्रिकोणीय हुआ तो किसी एक दल के लिए राह आसान नहीं रहेगी। इस बार मतदाता के बीच जनसंपर्क, क्षेत्रीय पकड़ और विकास कार्यों का प्रभाव निर्णायक रहेगा। उम्मीदवारों की मेहनत और जनसम्पर्क ही चुनावी नतीजे पर भारी प्रभाव डालेंगे।

नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ है, लेकिन रिपोर्टिंग समय के अनुसार तीसरे दिन तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया था। निर्वाचन विभाग ने सभी चुनावी तैयारियाँ पूर्ण कर ली हैं, जबकि स्थानीय प्रशासन ने अनुमंडल गेट तथा अन्य संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा कड़ी कर दी है।

# नेत्रदान से बदल रही सोच: पूर्णिया में बढ़ी नेत्रदान की रफ्तार, दधीचि देहदान समिति और लायंस क्लब ने कराया 16वां नेत्रदान

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

साल 2024 के पहले तक जहां जिलेवासी नेत्रदान की बात सुनकर झिझकने लगते थे, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। बीते एक वर्ष के भीतर पूर्णिया जिले में लोगों की सोच में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। अब लोग न केवल नेत्रदान के महत्व को समझ रहे हैं, बल्कि मृत्यु उपरांत अपने या परिजनों के नेत्रदान के लिए स्वेच्छा से आगे भी आ रहे हैं।

इसी जागरूकता का परिणाम है कि बीते 12 महीनों में पूर्णिया जिले में 16 लोगों का मृत्युपरांत नेत्रदान कराया जा चुका है। यह सिलसिला लगातार आगे बढ़ रहा है। दधीचि देहदान समिति के सदस्य शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक नेत्रदान को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चला रहे हैं, जिसका असर अब साफ दिखाई देने लगा है।



**गुलाबबाग में हुआ 16वां नेत्रदान**

मंगलवार की रात दधीचि देहदान समिति और लायंस क्लब ऑफ पूर्णिया के संयुक्त प्रयास से शहर के गुलाबबाग बागेश्वरी रोड स्थित स्वर्गीय त्रिलोकचंद संचेती का नेत्रदान कराया गया। यह जिला का 16वां नेत्रदान रहा।

नेत्रदान 14 अक्टूबर की रात 8 बजे कटिहार मेडिकल कॉलेज से पहुंची डॉक्टरों की टीम की देखरेख में किया गया। मेडिकल टीम में डॉ. अतुल के नेतृत्व में डॉ. मासूम और डॉ. अभिनव शामिल थे।

**परिजनों की पहल बनी प्रेरणा**

स्वर्गीय त्रिलोकचंद संचेती के नेत्रदान की पहल उनकी धर्मपत्नी गिन्नी देवी संचेती, पुत्र अनिल, सुनील, विनीत संचेती, पुत्रवधुएं सुमन, कल्पना, खुशबू संचेती, तथा पौत्र-पौत्रियां प्रवीण, पल्लवी, अभिषेक और वैष्णवी ने मिलकर की। परिवार की इस पहल ने समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**समिति और क्लब के सदस्य रहे उपस्थित**

नेत्रदान के दौरान दधीचि देहदान समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. ए.के. गुप्ता, जिलाध्यक्ष हेना सईद, सचिव रविंद्र कुमार साह सहित लायंस क्लब ऑफ पूर्णिया के सदस्य लायन नेमचंद बैंद, लायन संजय संचेती, लायन रूपेश डुंगरवाल, लायन पीयूष केडिया, संजय केडिया, सुरेंद्र गिरिया, प्रेम जी और यश संचेती उपस्थित थे।

**नेत्रदान बना जन-आंदोलन का रूप**

दधीचि देहदान समिति और लायंस क्लब ऑफ पूर्णिया के सतत प्रयासों से अब जिले में नेत्रदान जन-आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। संगठन के सदस्य नियमित रूप से विद्यालयों, सामाजिक कार्यक्रमों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

# मरंगा पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाकर वसूला जुर्माना

**न्यूज़ स्केल हरदा**

आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मरंगा थाना पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। मरंगा थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने टोल प्लाज़ा के समीप सघन वाहन जांच करते हुए कई वाहनों की जांच की और आवश्यक दस्तावेज़ नहीं होने पर चालान काटा। मरंगा थाना के एस.आई. राज कुमार एवं एस.आई. मो. रिज़वानुल्लाह ने बताया कि जांच के दौरान दो पहिया वाहनों के कागजात, हेलमेट और डिक्की की जांच की गई। जिन मोटरसाइकिल चालकों के पास आवश्यक कागजात या हेलमेट नहीं थे, उन पर जुर्माना लगाया गया। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि जांच अभियान के दौरान कुल 10,000 रुपये का चालान काटा गया। यह अभियान आगामी विधानसभा चुनाव तक लगातार जारी रहेगा।

# नशा पर नकेल : बायसी में गांजा तस्करी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल बायसी**

बायसी थाना पुलिस एवं मद्यनिषेध विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार (14 अक्टूबर 2025) को वाहन जांच के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी का मामला उजागर किया। जांच के क्रम में एक चारपहिया वाहन से कुल 28.512 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विजय कुमार साह (उम्र 38 वर्ष), पिता विश्वकर्मा साह, निवासी लालगंज वार्ड संख्या 20, थाना लालपुर, जिला रांची (झारखंड) तथा दीपक कुमार (उम्र



32 वर्ष), पिता वकील प्रसाद, निवासी एवं थाना मढ़ोरा, जिला सारण (बिहार) के रूप में की गई है। संयुक्त टीम ने वाहन को जब्त करते हुए दोनों अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा पुलिस गांजा तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच कर रही है।

# प्रतियोगिता : पूर्णिया में प्रमंडल स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

## जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**न्यूज़ स्केल, पूर्णिया**

जिला स्कूल, पूर्णिया के खेल मैदान में बुधवार को चार दिवसीय प्रमंडल स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अंजनि कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, जिला खेल पदाधिकारी रवि शंकर झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अरविंद प्रकाश, शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी, खेल संघों के सचिव और अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय पत्रकारगण उपस्थित रहे।



जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने खेल पर पूरी तरह ध्यान दें और मेहनत एवं समर्पण से अपने प्रदर्शन को लगातार बेहतर बनाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्णिया के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और लगन से जिला का नाम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने सभी को अनुशासन और टीम भावना बनाए रखने की भी प्रेरणा दी।

**छात्र-खिलाड़ियों का उत्साह और सांस्कृतिक रंग**

प्रतियोगिता के पहले दिन लगभग 350 छात्र-खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट और भारत स्काउट एंड गाइड्स की कलर पार्टी बैंड की जोशपूर्ण धुनें रही, जिसने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस दौरान रामबाग उच्च विद्यालय के छात्रों ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने श्लोक, गीत और नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व और लोकतंत्र में जिम्मेदारी का संदेश दिया।



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य को दर्शकों ने जोरदार तालियों से सराहा।

**खेलों की विविधता और प्रतियोगिता का प्रारूप**

**प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन चार अलग-अलग स्थलों पर किया गया:**

» जिला स्कूल ग्राउंडः कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल

» डी.एस.ए. ग्राउंडः फुटबॉल (बालक-बालिका)

» महात्मा गांधी इंडोर स्टेडियमः बैडमिंटन (बालक-बालिका)

» खेल भवन पूर्णियाः ताइक्वांडो, भारोत्तोलन और शतरंज

» प्रतियोगिता के दौरान छात्र-खिलाड़ियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

**अधिकारियों के प्रेरक संदेश**

उप विकास आयुक्त अंजनि कुमार ने अपने संबोधन में कहा, "खिलाड़ी अपने खेल को केवल शौक नहीं बल्कि करियर और भविष्य के रूप में देखें। अनुशासन और निरंतर अभ्यास से सफलता निश्चित है। सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक अवसर प्रदान कर रही है।"

**प्रतियोगिता की अवधि और महत्व**

यह चार दिवसीय प्रतियोगिता 18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है, बल्कि छात्रों में स्वास्थ्य, अनुशासन और टीम भावना को भी बढ़ावा देना है। इसके साथ ही, कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का संदेश भी व्यापक स्तर पर फैलाया गया।

# कसबा विधान सभा मे एनडीए से स्थानीय प्रत्यासी नहीं होने पर बैठक

**न्यूज़ स्केल कसबा**

कसबा विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन द्वारा स्थानीय प्रत्याशी न बनाए जाने के बाद क्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधियों में चिंता और गंभीर चिंतन देखा गया। इस क्रम में स्थानीय क्रांतिकारी युवा नेता एवं अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष बमबम साह ने पार्षद दीपक कुमार दिवाकर, पार्षद प्रतिनिधि लड्डू मांझी, हीरा लाल मंडल, गणेश मंडल और कोकिल मंचन के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित लोगों



ने कसबा के विकास और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के राजनीतिक भविष्य पर विचार-विमर्श किया गया। बमबम साह ने कहा कि स्थानीय नेताओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है और जनता की समस्याओं के निरंतर उठाने वाले स्थानीय प्रतिनिधियों का नेतृत्व में समुचित स्थान होना चाहिए। उन्होंने सभी को एकजुट होकर क्षेत्रीय हितों और अधिकारों के लिए सकारात्मक प्रयास करने की अपील की। बैठक के दौरान कसबा के स्थानीय मुद्दों और विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई।

# मसूरिया में आई पी एल की किसान गोष्ठी : उर्वरक और सतत खेती पर जोर

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

मसूरिया गांव में इंडियन पोटाश लिमिटेड (आई पी एल) के तत्वावधान में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग सभी प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिट्टी की उर्वरता, जैविक खादों के उपयोग और रासायनिक उर्वरकों के विकल्पों के बारे में जागरूक करना था।

**पॉलीहेलाइट : मिट्टी और फसल के लिए बहु-पोषक समाधान**

आई पी एल के विपणन



प्रबंधक श्री प्रशांत विक्रम सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए पॉलीहेलाइट जैसे बहु-पोषक प्राकृतिक उर्वरक के लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पॉलीहेलाइट में पोटाश, गंधक, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे चार आवश्यक पोषक तत्व एक साथ उपलब्ध होते हैं। यह मिट्टी की संरचना सुधारने और फसल की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक है।

**उन्नत कृषि तकनीक और पोषक तत्व प्रबंधन**

डॉ. पंकज कुमार, वैज्ञानिक (केवीके कटिहार) ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, पोषक तत्व प्रबंधन और सतत खेती के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से मिट्टी परीक्षण कराने और वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से पोषण संतुलन बनाए रखने का आग्रह किया। डॉ. कुमार ने यह भी समझाया कि संतुलित पोषण और सही उर्वरक चयन से फसल की पैदावार और गुणवत्ता दोनों में सुधार संभव है।

**फसल-विशिष्ट पोषण और व्यावहारिक लाभ**

आशिष शर्मा, प्रबंधन प्रशिक्षु (विपणन), ने किसानों से संवाद करते हुए फसल-विशिष्ट पोषण योजना और पॉलीहेलाइट के व्यावहारिक लाभों को समझाया। वहीं, श्री रत्लेश कुमार सिंह, कनिष्ठ विक्रय अधिकारी (गया), ने किसानों से प्रत्यक्ष संवाद कर कंपनी के उत्पादों की जानकारी दी। सिन्जेटा कंपनी के आकाश साहू ने भी फसल की दवा के बारे में जानकारी साझा की, जिससे किसानों को फसल सुरक्षा के विषय में स्पष्ट दिशा मिली।

**किसानों की सक्रिय भागीदारी और जागरूकता सामग्री वितरण**

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कंपनी के उत्पादों के प्रति सकारात्मक रुचि दिखाई। अंत में किसानों को जानकारी-पत्र और कृषि जागरूकता सामग्री वितरित की गई, जिससे उन्हें सतत खेती और पोषण प्रबंधन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

# बनमनखी में जीविका दीदियों ने कैंडल मार्च निकाल दिया मतदान का संदेश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को जीविका दीदियों ने कैंडल मार्च आयोजित किया। मार्च का उद्देश्य मतदाताओं को 11 नवंबर 2025 को अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड कार्यालय से हुई और दीदियों ने बाजार व प्रमुख सड़कों से होकर




मार्च किया। उन्होंने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर नारे लगाए जैसे "मतदान करो, लोकतंत्र मजबूत बनाओ" और "पहले मतदान, फिर जलपान।"

प्रखंड विकास पदाधिकारी और पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा और मार्गदर्शन की जिम्मेदारी संभाली। स्थानीय नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें लोकतंत्र में अपने वोट का महत्व समझ में आया। मार्च ने मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

# मीरगंज के समाजसेवी लाला प्रसाद सिंह का निधन, पूर्व सांसद ने दी श्रद्धांजलि

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

नगर पंचायत मीरगंज के बरहकोना निवासी और प्रसिद्ध समाजसेवी लाला प्रसाद सिंह (आयु 80 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया। लंबे समय से बीमार चल रहे लाला बाबू का उपचार पूर्णिया के प्रमुख अस्पताल में चल रहा था। स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने के बाद अचानक स्नान पूजा के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्होंने अंतिम सांस ली। लाला बाबू अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियाँ छोड़



गए हैं। उनके निधन की खबर फैलते ही जिले भर से लोग उनके निवास स्थल पर एकत्रित हुए।और उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दुखद घड़ी में पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा भी पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को सहानुभूति व्यक्त की।उन्होंने कहा कि लाला बाबू समाजवादी और मिलनसार व्यक्तित्व के साथ,एक अनुभवी व्यक्ति थे उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

# माफा पेट्रोल पंप, मरंगा में किसान मेला और मेडिकल कैंप का आयोजन




**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

माफा पेट्रोल पंप, मरंगा पूर्णिया में बुधवार को किसान मेला एवं मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों किसानों, ग्राहकों और कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मिमांसा यूरो केयर अस्पताल के डॉक्टर अमित रंजन और सहयोगी सुरज कुमार, चांद एवं सुमन कुमार ने ब्लड शुगर, बीपी और आंखों की जांच की। मंगलवार को पंप परिसर में मटकी फोड़ और अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि ग्राहकों और किसानों को आकर्षक उपहार जैसे जुटा का थैला और अंगवस्त्र PBCL सेल्स अधिकारी रितेश कुमार, CRE निर्भय कुमार और संचालक प्रतिनिधि श्री रामकुमार यादव ने वितरित किए। इस आयोजन से किसानों और ग्राहकों में उत्साह और खुशी का माहौल बना। सभी ने माफा पेट्रोल पंप की पहल की सराहना की।

# गुलाबबाग मे स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

गुलाबबाग टी०ओ०पी० (सदर थाना) ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को नशे की खेप पकड़ी और एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से कुल 5.86 ग्राम स्मैक, 41.40 ग्राम अन्य नशीला पदार्थ और एक मोबाइल जप्त किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रवि कुमार भगत, उम्र 30 वर्ष, पुत्र शिव भगत, निवासी इमली पट्टी, गुलाबबाग, थाना सदर, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपीकेखिलाफआगामीकानूनीकार्रवाईकीजारहीहै। सदर थाना पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई



जिले में नशे के व्यापार पर अंकुश लगाने और युवा पीढ़ी को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी नशे या तस्करी से संबंधित सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# नहाने गए तीन बच्चों में से एक गहरे पानी में डूबा, SDRF टीम जुटी खोज में

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

नगर पंचायत मीरगंज के खेदलीचक वार्ड 03 निवासी सुमन मंडल के पुत्र दिन में अपने भाई और मित्र के साथ बरकोना धार नहाने गए थे। तीनों बालक खेत की पगडंडी से कोशी धार के पास पहुंचे। इस दौरान 12 वर्षीय रूपेश कुमार पानी में फिसल गया और तेज करंट में बह गया। डूबने की सूचना पर उसके



भाई दिवेश कुमार और मित्र हिमांशु कुमार गांव लौटकर शोर मचाया। घटना स्थल पर खेदलीचक गांव के लोग इकट्ठा हुए। समाजसेवी और वार्ड पार्षद नीरज कुमार पासवान ने मीरगंज पुलिस प्रशासन को सूचना दी। थानाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों से खोजबीन करवाई। गहरे पानी और फसल के कारण रूपेश का पता नहीं चला, तब SDRF की टीम को बुलाया गया। टीम दो नाव के सहारे बालक को खोजने में जुटी रही।

# यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर हुई बैठक

**न्यूज स्केल भागलपुर**




जिला पदाधिकारी, भागलपुर डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में भागलपुर शहरी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर नगर आयुक्त, भागलपुर नगर निगम श्री शुभम कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, जिला परिवहन पदाधिकारी भागलपुर, पुलिस उपाधीक्षक नगर एवं संबंधित अभियंता गण तथा पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस उपाधीक्षक यातायात को यातायात व्यवस्था में लगाए गए पुलिस बल को बदलने का निर्देश दिया। साथ ही नए बल की प्रतिनियुक्ति के साथ ही उन्हें अच्छी तरह ब्रीफिंग करने को कहा। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे लगे ठेला- खोमचा से यातायात में काफी परेशानी होती है, जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने उल्टा पुल, स्टेशन रोड का जिक्र किया जहां लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि स्टेशन के पास बस लगी रहती है। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होता है। ऐसे बस /वाहन पर पेनाल्टी लगाई जाए तथा वहां के ठेला को जब्त कर लिया जाए।

जिला परिवहन पदाधिकारी को उन्होंने कहा की ई-रिक्शा के लिए रूट निर्धारित किया गया था, उन्हें मुख्य चौक चौराहों से 70 मीटर दूर रहने का निर्देश दिया गया था। उसका अनुपालन होना चाहिए। अगर टोटो ऑटो निर्धारित रूट से अलग रूट पर जाते हैं तो फाइन किया जाए। उन्होंने नया नगर आयुक्त को कहा कि शहरी क्षेत्र में पार्किंग एवं नॉन पार्किंग तथा वेंडिंग एवं नॉन वेंडिंग जोन बनाया जाए जिसमें फूड वेंडिंग जोन एवं नॉन फूड वेंडिंग जोन बनाया जाए। फूड वेंडिंग जोन के लिए दुकानदार को डस्टबिन रखना अनिवार्य है। उन्होंने नगर आयुक्त को कहा कि शहरी क्षेत्र में जहां भी खाने-पीने की दुकानें हैं वह दुकानदार अपने सामने डस्टबिन रखें नहीं तो उसे जुर्माना किया जाए। उन्होंने विक्रमशिला पुल के समीप, एन एच 31 एवं एन एच 30 पर क्रेन की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। ताकि जब कभी कोई वहां बीच रास्ते में खराब हो जाए या जरूरत पड़े तो वाहन को हटाया जा सके और जाम की समस्या से निजात पाया जा सके।

# भागलपुर में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

**न्यूज स्केल भागलपुर**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भागलपुर में आज उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने की। इसमें बिहपुर, गोपालपुर, पीरपैंती, भागलपुर और नाथनगर विधानसभा क्षेत्रों के व्यय प्रेक्षक श्री अजय डोके, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदय कांत, नवगछिया पुलिस अधीक्षक सुश्री प्रेरणा कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



**चुनावी तैयारियों की समीक्षा**

बैठक में मतदान केंद्रों की सुरक्षा, मतदाता सुविधाओं की उपलब्धता, चुनावी सामग्री की समय पर आपूर्ति और निर्वाचन कर्मियों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और गड़बड़ी को रोकने के लिए समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश** : अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि चुनाव पूरी पारदर्शिता और कानून के अनुसार संपन्न हों। सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के साथ निष्पक्ष व्यवहार को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारी नियमित निरीक्षण करेंगे और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

**सुरक्षा और निगरानी प्रबंध**

जिला पदाधिकारी ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे मतदाता और निर्वाचन कर्मियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार रहें। चुनावी प्रक्रिया के दौरान अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए विशेष निगरानी टीमों का गठन किया गया।

# प्रमंडलीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अररिया के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, कई का हुआ राज्य स्तर के लिए चयन

**अररिया** (हि.स.)। प्रमंडलीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अररिया जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। अंडर-14 बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में अररिया की टीम उपविजेता रही। इस वर्ग में जिले की प्रतिभावान खिलाड़ी चंदुला कुमारी और आरती कुमारी का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया है इसी प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में भी अररिया के रणवीर कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर जगह बनाई है। वहीं, बॉलीवॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में अहमद फरज खान का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी अररिया के खिलाड़ियों ने शानदार सफलता हासिल की है। प्रतिभा कुमारी ने अंडर-19 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा काजल कुमारी (अंडर-17 बालिका वर्ग) और वाहिदा (अंडर-14 बालिका वर्ग) का चयन भी राज्य स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किया गया है।






जिले के खेल प्रेमियों और शिक्षकों ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। जिला खेल पदाधिकारी सान्याल कुमार ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अररिया जिले के लिए गौरव की बात है और आशा व्यक्त की कि राज्य स्तर पर भी ये खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

# गंगा स्नान के दौरान 15 वर्षीय बच्ची डूबी, खोजबीन जारी

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के नमामि गंगा घाट पर बुधवार को स्नान के दौरान पैर फिसलने से एक 15 वर्षीय लड़की गंगा में डूब गई। डूबे हुए बच्चे की पहचान पटना जिले के हाजीपुर के सतियारा चौक निवासी मंतोष साह की पुत्री के रूप में हुई है। वह सुल्तानगंज के घाट रोड निवासी राजेश साह और कंचन देवी के यहां मौसा मौसी के घर आई थी और नानी निर्मला देवी व अन्य बच्चों के साथ गंगा स्नान के लिए नमामि गंगे घाट पहुंची थी।

इसी दौरान पैर फिसलने से एक बच्ची गहरे पानी में चली गई और वह डूबने लगी। अपनी छोटी बहन को डूबते देख बड़ी बहन अंकिता उसे बचाने गई। उसने छोटी बहन को तो बचा लिया लेकिन अंकिता डूब गई। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने सुल्तानगंज पुलिस को दिया। मौके पर थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार



दल-बल के साथ पहुंचे और परिजन से घटना की जानकारी लेते हुए तुरंत एसडीआरएफ टीम को बुलाकर खोजबीन शुरू करवाया। हालांकि अब तक कुछ भी पता नहीं चल पाया है। खोजबीन जारी है। अंकित का माता-पिता पटना में किराए के घर पर रहते हैं और चार भाई बहनों में यह दूसरे नंबर पर थी। वह छठी कक्षा में पढ़ती थी। 10 दिन पूर्व अपनी नानी के साथ राजेश साह और कंचन देवी मौसी मौसी के घर आई थी। आज सुबह नानी और पांच बच्चों के साथ गंगा स्नान के लिए गई थी।

# चुनाव को लेकर एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण

**भागलपुर,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू रहने की बीच दीपावली, काली पूजा और छठ महापर्व जैसे त्योहारों फिर शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष चुनाव को संपन्न कराना पुलिस और प्रशासन के लिए एक चुनौती बनी हुई है। जिले के सुल्तानगंज विधानसभा में उपरोक्त सभी पर्व त्योहार के संपन्न होने के बाद दूसरे चरण में 11 नम्बर को मतदान होना है। इसको लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक पुलिस हृदयकांत बुधवार को सुल्तानगंज थाने पर पहुंचे और औचक निरीक्षण कर पुलिस की कार्यशैली और उसकी गतिविधियों से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान पुलिस



कप्तान ने पूजा और विधानसभा चुनाव को लेकर विधि-व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा कर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार से जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के साथ ही गश्ती तेज करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने थाना में गुंडा पंजी के अलावा अन्य पंजीयों का अवलोकन भी किया।

एसएसपी ने थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि गुंडा पंजी में शामिल लोगों की थाने में हाजिरी लगवाएं। इसी क्रम में एसएसपी सुल्तानगंज विधानसभा के विभिन्न पुलिस चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा चेक पोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि आगामी बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 को स्वच्छ निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं वह भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की बैठक में डीएम ने अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण तथा छात्रों में नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर दिया जोर

**अररिया,** (हि.स.) – अररिया पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को जिला पदाधिकारी सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई।

विद्यालय के समग्र विकास पर जोर बैठक में विद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था और आधारभूत संरचना से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने विद्यालय परिसर में अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण तथा छात्रों




में नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर विशेष जोर दिया।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रयास

अनिल कुमार ने शिक्षकों से आग्रह किया कि प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की प्रक्रिया पर ध्यान दिया जाए ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षण कार्य के साथ-साथ विद्यार्थियों में सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विकास पर भी ध्यान दिया जाए।

विद्यालय की उपलब्धियां और भविष्य की योजनाएं बैठक में विद्यालय प्रधानाचार्य ने विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य में लागू की जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। जिला पदाधिकारी ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन भी प्रदान किया। सदस्यों की भागीदारी बैठक में समिति के सभी सदस्य, अभिभावक प्रतिनिधि एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और समग्र विकास को सुनिश्चित करना था इस प्रकार यह बैठक छात्रों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय के सुचारू संचालन के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# मोबाईल नम्बर बदलकर खाते से रकम उड़ाने वाला साइबर फ्रॉड मुर्शिदाबाद से गिरफ्तार

**भागलपुर,** (हि.स.)। साइबर फ्रॉड तकनीक से पीड़ित के बैंक अकाउंट में लिंक मोबाईल नम्बर बदलकर पीड़ित के अकाउंट से रकम उड़ानेवाले साइबर फ्रॉड को मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) से गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी बुधवार को एसएसपी कार्यालय से दी गई। बताया गया कि बीते 18 अक्टूबर को शिकायतकर्ता जनार्दन प्रसाद सिंह पिता स्व राधे सिंह ग्राम-फुलका गुमटी पो-जमालपुर थाना-जमालपुर




जिला-मुंगेर (तत्कालिन क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, भागलपुर प्रमंडल भागलपुर) के द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर साइबर थाना भागलपुर में मामला पंजीकृत किया गया था।

साइबर धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त के द्वारा साइबर फ्रॉड तकनीक से पीड़ित के बैंक अकाउंट से लिंक रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर बदल कर कुल- 2,04,904/- रू की अवैध निकासी कर लिया गया था। उक्त अभियुक्त के गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर भागलपुर के निगरानी तथा पुलिस उपाधीक्षक- सह-थानाध्यक्ष, साईबर थाना भागलपुर के नेतृत्व में एक टीम को गठित किया गया था।

गठित टीम के द्वारा छापामारी के क्रम में अवैध निकासी की गई राशि का ट्रांजेक्शन आई०डी० (आई०पी०) डिटेल्स एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल अभियुक्त शाहिन एसके पिता-गोलम एस के पता-हरिहरपारा, श्रीपुर थाना-हरिहरपारा जिला-मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त से इस घटना में अन्य व्यक्ति शामिल होने के संबंध में भी पुछताछ किया जा रहा है।

# विश्व छात्र दिवस पर क्विज आयोजित

**भागलपुर,** (हि.स.)। विश्व छात्र दिवस पर बुधवार को जिले के मध्य विद्यालय जगदीशपुर तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जगदीशपुर में बच्चों के बीच क्विज के साथ निबंध, नवाचार सोच तथा चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए सम्मानित किया गया।

इसके पहले विद्यालय परिवार मिसाइल मैन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन कर उनके आदर्श को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वहीं




विश्व हाथ धुलाई दिवस पर बच्चों को हाथ धुलाई के सात चरणों का अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक वीणा कुमारी, शिक्षक शाहिना खातुन, अभिनाश सरोज, भारती कुमारी, अमित कुमार सिंह, निर्भय कुमार, मीनाक्षी कुमारी, शारिका निगार, फूल कुमारी, कर्मी राजकिशोर, वृंदा, रिंकू, सुशीला सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# विभिन्न भेद्य टोला और मुहल्ला का एसडीएम व एसडीपीओ ने लिया जायजा

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

**मतदान शांतिपूर्ण और व्यवधान-मुक्त होगा।**

----------------

**सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता और असामाजिक गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई।**

----------------

**मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक और निर्भीक बनाया गया।**

----------------

सुपौल विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी (SDM) इंद्रवीर कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) शिवेंद्र कुमार अनुभवी ने विभिन्न भेद्य टोला और मोहल्लों का निरीक्षण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं की सुरक्षा और मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आने का जायजा लेना था।

**महादलित टोला का विशेष निरीक्षण** : भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने इंदिरा नगर तथा मलहद स्थित महादलित टोला का दौरा किया। स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि पिछले लोकसभा चुनावों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ था और इस बार भी मतदान में किसी प्रकार की रुकावट नहीं होगी। उपस्थित लोगों ने अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि कोई भी व्यक्ति मतदान में व्यवधान नहीं डालेगा।



**मतदाताओं में विश्वास और जागरूकता बढ़ाना** : भ्रमण के दौरान महादलित टोला में फ्लैग मार्च भी किया गया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ संवाद कर मतदान के प्रति विश्वास बनाए रखने और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान अंचल अधिकारी आनंद कुमार और थानाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद भी उपस्थित थे।

**स्थानीय बीएलओ से जानकारी और सुरक्षा व्यवस्था** : भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय BLO से भी भेद्य मतदाताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। SDM एवं SDPO ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन के दिन पूरी तरह से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था होगी। यदि कोई असामाजिक तत्व मतदाताओं को डराने, धमकाने या प्रलोभन देने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# मतदान पदाधिकारी को चुनाव को लेकर कर्तव्यों की दी गई जानकारी

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिलाधिकारी सावन कुमार के निदेश पर मतदान कराने वाले तृतीय मतदान पदाधिकारी को सुपौल उच्च माध्यमिक विधालय सुपौल एवं बबुजन विश्वेश्वर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय प्रथम प्रशिक्षण के सातवें दिन बुधवार को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। नोडल पदाधिकारी (प्रशिक्षण कोषांग) सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी गयानन्द यादव ने तृतीय मतदान पदाधिकारी को कार्य एवं दायित्व का बोध कराते हुए बताया कि इस चुनाव में 100% मतदान केन्द्र का वेब कास्टिंग होगा। पीठासीन पदाधिकारी ईवीएम सेट के साथ (17C) भरकर जमा करेगे। (17C) उपस्थित मतदान अभिकर्ता को हस्तगत कराते हुए रिसीविंग लेना है। सभी पीठासीन पदाधिकारी को वीटीआर एप्प मोबाइल में डाउनलोड करके प्रत्येक दो घंटे पर इसमें रिर्पोट दर्ज करना अनिवार्य है। सभी सेक्टर पदाधिकारी को ईवीएम का मॉक ड्रिल के समय कम से कम एक सौ मत देने का निदेश दिया गया एवं मत डालने के पश्चात ईवीएम मॉक ड्रिल से संबंधी प्रमाणपत्र भरकर जमा करने का निदेश दिया गया, नोडल पदाधिकारी (प्रशिक्षण कोषांग) के द्वारा सभी मास्टर प्रशिक्षको को निदेश दिया गया कि तृतीय मतदान पदाधिकारी को मतदान से संबंधित सारी जानकारी देगें। नोडल मास्टर प्रशिक्षक अंजनी कुमार ने तृतीय मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण के दौरान कहा कि तृतीय मतदान पदाधिकारी सी यू के प्रभारी होंगे, एवं मतदाता से मतदात पर्ची प्राप्त कर तर्जनी अंगुली में अमिट स्याही की जाँच कर बैलेट बटन को दबाकर मत देने के लिए मतदाता कक्ष में भेजेंगे। मतदाता पर्ची को सुरक्षित जमा करमें रहेंगे, एवं मतदाता द्वारा मत देने के पश्चात होने वाली बीप ध्वनी का ध्यान रखेंगे। बीप की ध्वनी समाप्त होने के पश्चात तथा मतदान प्रकोष्ठ में गये मतदाता के बाहर निकल जाने के पश्चात ही अगले मतदाता प्रकोष्ठ में जाने हेतु अनुज्ञात करेंगे। मतदान समाप्ति के उपरांत संग्रहित सभी मतदाता पर्ची पीठासीन पदाधिकारी को हस्तगत कराएगें।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलायें- बीडीओ

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**



प्रखंड की सुरजापुर पंचायत में स्वीप चौपाल कार्यक्रम कर बीडीओ अमरेश कुमार मिश्रा ने वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए जीविका दीदी सहित ग्रामीण महिलाओं को जागरूकता अभियान चलाने को प्रेरित किया। स्वीप चौपाल कार्यक्रम में महिलाओं को स्वीप के प्राथमिक लक्ष्य की जानकारी देते हुए कहा कि सभी पात्र नागरिकों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि स्वीप के माध्यम से मतदाताओं में चुनावी प्रक्रिया से संबधित बुनियादी ज्ञान से लैश करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिससे मतदान का प्रतिशत आशानुसार हो सके। उन्होंने चौपाल में भाग ले रही महिलाओं से कहा कि खास कर आप उस केद्रों के मतदाताओं के घर घर जाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है जहां पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है। उन मतदाताओं को भय मुक्त और निष्पक्ष मतदान करने के लिए आगे आने को कहना है। जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। बीडीओ ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी संकल्पना हीं सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा है। इस मौके पर चुनावकर्मी सहित ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# बेलही पंचायत में मतदाता जागरूकता रंगोली

## बीडीओ रचना भारतीय के नेतृत्व में जीविका व आईसीडीएस के सहयोग से कार्यक्रम हुआ सम्पन्न






**न्यूज़ स्केल मरौना**

मरौना प्रखंड के बेलही पंचायत में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रचना भारतीय के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी 11 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम जीविका समूह एवं आईसीडीएस के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई, जिसमें जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं और स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने रंग-बिरंगे रंगोली चित्रों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बीडीओ रचना भारतीय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान बीडीओ ने सभी उपस्थित लोगों को मतदान में भाग लेने की शपथ दिलाई। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय बेलही परिसर से एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें "पहले मतदान, फिर जलपान" और "आपका वोट, आपका अधिकार" जैसे नारों से क्षेत्र गूंज उठा। जहाँ बीडीओ रचना भारतीय ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि इस बार बेलही पंचायत में शत-प्रतिशत मतदान दर्ज हो।

# बाइक और साइकिल के टक्कर में दोनों लोग घायल



**न्यूज़ स्केल राघोपुर**

राघोपुर थाना क्षेत्र के हाजीटोला के समीप एन एच 106 पर मोटरसाकियल और साइकिल में टक्कर हो गई जिसमें दोनों सवार गणपतगंज की तरफ से आ रहे थे। साइकिल सवार की पहचान गणपतगंज हाजी टोला वार्ड 2 निवासी अब्दुल सतार उम्र (40) वर्ष और बाइक सवार अररिया जिला फुलकाहा थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव निवासी दिलीप यादव के (30) वर्षीय पुत्र बिकाश कुमार के रूप में हुई है।दोनों घायल को राघोपुर रेफर अस्पताल लाया गया जहां चकित्सक ने प्राथमिक उपचार उपरांत हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# 67 लीटर देशी शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार, जेल

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

प्रतापगंज पुलिस ने मंगलवार की शाम चिलौनी दक्षिण पंचायत के इटवा गांव से 67 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक महिला तस्कर पुनपुन देवी को गिरफ्तार किया। सहायक अवर निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि स्वान दस्ता सहरसा और सशस्त्रबल के जवानों के साथ वे सुखानगर चौक पर छापेमारी में तैनात थे, तभी सूचना मिली कि पुनपुन देवी अपने घर में शराब रखकर बेचती है।

**गिरफ्तारी और अभियान** : पुलिस ने पुनपुन देवी को गिरफ्तार कर जप्त शराब के साथ थाना लाया। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि विधान सभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब कारोबारियों की पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार रात भी गुप्त सूचना पर प्रतिबंधित कोडिन कफ सिरप की लाखों की खेप पकड़ी गई थी।



**भागने का प्रयास नाकाम** : सूचना मिलने के बाद पुलिस दल तुरंत इटवा गांव पहुंचा। पुलिस वाहन देखकर पुनपुन देवी की पत्नी भागने का प्रयास करने लगी, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम पुनपुन देवी बताया।

**67 लीटर शराब बरामद** : भीड़ के सामने पुलिस ने पुनपुन देवी के घर की तलाशी ली। तलाशी में घर के पिछवाड़े धान के खेत में छिपाए छह प्लास्टिक के गैलन मिले, जिनमें कुल 67 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुई।

# सीएचसी मरौना की पहल पर परिकोच में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

**न्यूज़ स्केल मरौना**



आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरौना के द्वारा बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 96 परिकोच में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीसीएम मो हसीबूर्र रहमान, परिवार नियोजन सलाहकार रविंद्र कुमार, बीएमसी, एएनएम सहित स्वास्थ्य कर्मी और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। जहाँ बीसीएम मो हसीबूर्र रहमान ने कहा कि एक जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान है। हर व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

परिवार नियोजन सलाहकार रविंद्र कुमार ने मतदाताओं को बताया कि मतदान के दिन अपने स्वास्थ्य, स्वच्छता और लोकतंत्र की जिम्मेदारी तीनों का ध्यान रखें। साथ ही उन्होंने युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार मतदाता बनने वालों को मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में 'मतदान अवश्य करें' स्लोगन वाले पोस्टर और बैनर लगाकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। अंत में बीएमसी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई।

# स्वच्छता पर स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक



**न्यूज़ स्केल सरायगढ़**

अंतर्राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस पर मध्य विद्यालय सरायगढ़ की शिक्षिका बबीता कुमारी ने बच्चों को साबुन से हाथ धोने के तरीके बताए गए और सभी बच्चों को खाने से पहले और शौचालय जाने के बाद कैसे साबुन से रगड़ -रगड़ कर हाथ धोने चाहिए इन सभी स्टेपो को बताया गया। तत्पश्चात सभी बच्चों साबुन से हाथ धुलाया गया उन्होंने बच्चों को स्वच्छता की प्रति जागरुक करते हुए कहा कि विभिन्न प्रकार के संक्रमण जैसे डायरिया,पीलिया रोग ,आदि से बचने के लिए हमें नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने चाहिए।

उन्होंने बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता एवं विद्यालय में भी स्वच्छता बनाए रखने की बात कही क्योंकि साफ हाथ में है दम बीमारियों को दूर भगाएंगे हम

इस मौके पर विद्यालय प्रधान चंद्रा देवी, सरिता यादव, अंकिता कुमारी, ज्योति कुमारी ,राजकुमार सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# नीरज कुमार सिंह के नामांकन में वीरपुर पहुंचेंगे त्रिपुरा के सीएम माणिक साह

**न्यूज़ स्केल वीरपुर**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में सुपौल जिले के छातापुर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन की प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू हो गई है। गुरुवार, 16 अक्टूबर को भाजपा के वर्तमान विधायक नीरज कुमार सिंह अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इसे लेकर वीरपुर में तैयारियां जोरों पर हैं।

**नामांकन के लिए मंच और व्यवस्थाएं तैयार**: वीरपुर हाई स्कूल स्टेडियम ग्राउंड में मतदाताओं को नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों लोगों के बैठने और आने-जाने की सुविधाओं के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। एक बड़ा मंच तैयार किया गया है, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो सके।

**नीरज कुमार सिंह ने किया निरीक्षण** : बुधवार की शाम को नीरज कुमार सिंह स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की रूपरेखा समझाई और कहा कि कार्यक्रम स्थल पर तैयारी अच्छी है। उन्होंने यह भी बताया कि हमेशा तैयार रहते हैं और इस बार विशेष तैयारी की आवश्यकता नहीं है।





**विशेष अतिथि के आगमन से बढ़ा उत्साह** : नीरज कुमार सिंह ने आगे बताया कि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साह भी वीरपुर आएंगे। नामांकन सुबह साढ़े 11 बजे होगा और सीएम डॉ. माणिक साह दोपहर 12 बजे पहुंचेंगे। इस मौके को लेकर स्थानीय जनता में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग नामांकन में आशीर्वाद देने पहुंचने की संभावना है।

**मतदान और लोकतंत्र की दिशा में कदम** : इस कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उत्साहित हैं। नामांकन प्रक्रिया के माध्यम से लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। छातापुर विधानसभा क्षेत्र में यह पहला नामांकन होने से इसे लेकर विशेष रुचि देखने को मिल रही है।

# नामांकन के तीसरे दिन भी नहीं हुआ कोई नामांकन

## अब तक छह नजीर रसीद कटे



**न्यूज़ स्केल वीरपुर**

बिहार विधानसभा चुनाव क़ो लेकर छातापुर विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरे दिन तक किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पर्चा दाखिल नहीं किया है ।हालांकि अब तक कुल छह लोगों के नाम नजीर रसीद कटाये हैं।

पूछे जाने पर छातापुर निर्वाची पदाधिकारी सह वीरपुर एसडीएम नीरज कुमार ने बताया कि नामांकन के तीसरे दिन बीतने के बाद बुधवार तक किसी भी प्रत्याशी ने अब तक नामांकन पर्चा दाखिल नहीं किया है। अब तक कुल मिलाकर छह नजीर रसीद काटे गए हैं। इसमें संजीव मिश्रा, नीरज कुमार सिंह, विपिन कुमार यादव, दयानन्द मिश्र, दीपक कुमार और विपिन कुमार सिंह के नाम से हैं।

संपूर्ण हिंदी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : भारत–नेपाल सीमा पर उच्चस्तरीय वार्डर कॉर्डिनेशन बैठक संपन्न, सुरक्षा और सहयोग पर रहा जोर

## सीमा सुरक्षा, शराब बंदी नियम पालन और अवैध गतिविधियों पर दोनों देशों ने साझा रणनीति बनाई

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

**जाली करंसी, अवैध असलहा, ड्रग्स और स्मगलिंग पर संयुक्त गश्ती बढ़ाने का निर्णय।**

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नेपाल के जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारी भी बैठक में शामिल।**





।बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को स्वच्छ और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सीमा पार चुनौतियों से निपटने हेतु इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट रक्सौल में इंडो-नेपाल वार्डर कॉर्डिनेशन कमिटी की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नेपाली सीमावर्ती जिलों के शिष्टमंडल, पुलिस उप महानिरीक्षक चंपारण रेंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण के डीएम-एसपी, तथा बगहा के एसपी शामिल हुए। जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण श्री सौरभ जोरवाल ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया और बैठक का शुभारंभ किया।

**निर्वाचन को स्वच्छ और निष्पक्ष बनाने पर चर्चा** बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराना था। इस दौरान चुनाव के दौरान सुरक्षा की आवश्यकताओं, संवेदनशील इलाकों की पहचान और संभावित कानून-व्यवस्था संबंधी खतरों पर विशेष ध्यान दिया गया। दोनों देशों के अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि चुनावी अवधि में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों या अशांति की अनुमति न दी जाए।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शामिल अधिकारी** :बैठक में नेपाल की ओर से सीडीओ परसा और बारा जिला, पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा बगहा के पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस प्रकार बैठक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई और दोनों देशों ने बॉर्डर पर सहयोग, सामंजस्य और सतर्कता बनाए रखने का संकल्प लिया।

**सीमा सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर सहमति**

बैठक में भारत–नेपाल सीमा को सुदृढ़ बनाने, शराब बंदी नियमों का पालन कराने, सीमा क्षेत्र के आसपास कानून व्यवस्था बनाए रखने, सूचनाओं के आदान-प्रदान, केमिकल ड्रग्स, स्मगलिंग और अवैध सामग्री की आवाजाही पर रोक लगाने पर दोनों पक्षों ने सहमति जताई। इसके अलावा जाली करंसी, अवैध असलहा और अन्य अपराधों पर कड़ाई से कार्रवाई करने पर भी जोर दिया गया। दोनों देशों के पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त गश्ती बढ़ाने और संवेदनशील रास्तों पर सतत नजर रखने का प्रस्ताव रखा।

# मोतिहारी विधानसभा निर्वाचन : व्यय प्रेक्षक ने तैयारियों का लिया जायजा

**न्यूज स्केल मोतीहारी**



मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए व्यय प्रेक्षक समाहणालय परिसर स्थित निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अकाउंटिंग टीम के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कर्मियों को निर्देशित किया गया कि नामांकन के बाद प्रत्येक प्रत्याशी का चुनावी व्यय Expenditure Register में दर्ज करना अनिवार्य है। प्रत्याशियों के व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

व्यय प्रेक्षक के भ्रमण के दौरान निर्वाचन पदाधिकारी 19-मोतिहारी सह डीसीएलआर मोतिहारी सदर श्रीमती प्रीति सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोतिहारी, अन्य सहायक निर्वाचित पदाधिकारी और नामांकन कोषांग के सभी सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के पारदर्शी और सुचारू संचालन पर जोर दिया। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि व्यय रजिस्टर का समय-समय पर सही तरीके से निरीक्षण किया जाएगा। व्यय प्रेक्षक ने सभी कर्मियों से ईमानदारी और नियमों का पालन करने का आग्रह किया तथा किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस प्रकार मोतिहारी विधानसभा

क्षेत्र में चुनावी तैयारियों की समीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई और सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**न्यूज स्केल दरभंगा**



बिहार विधानसभा निर्वाचन-2025 के सफल और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज ऑडिटोरियम दरभंगा में किसान सलाहकार, एटीएम, बीटीएम आदि को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कौशल कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी दरभंगा ने की।

जिलाधिकारी ने उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक पंचायत और गांव के लिए माइक्रो प्लान तैयार करें। उन्होंने कहा कि हर किसान समूह के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं और प्रतिदिन किसानों से मतदान पर चर्चा करें। घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रेरित करने से मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। सक्रिय किसानों का समूह बनाकर प्रत्येक घर का भ्रमण और निगरानी सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि दिवाली और छठ के महापर्व के समय लोकतंत्र का महापर्व भी आ रहा है, इसलिए मतदाता को मतदान तक रोकने और प्रेरित करने के विशेष प्रयास किए जाएँ। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक भी वोट का महत्व अत्यधिक है और महादलित टोले में शत-प्रतिशत मतदान कराना प्राथमिकता है। इसके लिए प्रभात फेरी, रैली और घर-घर संपर्क अभियान आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

सत्येंद्र प्रसाद, उप निदेशक जनसंपर्क, ने कहा कि सभी मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करें। जिला कृषि प्राधिकारी सिद्धार्थ ने जिलाधिकारी के संदेशों का पालन करने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। वरीय समाहर्ता वृषभानु चंद्रा ने भी मतदान प्रक्रिया और मतदाताओं तक पहुँचाने के तरीकों की जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने सभी किसान सलाहकारों को मतदान के लिए शपथ दिलाई और कहा कि 6 नवंबर 2025 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और आधारभूत सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की गई है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीपीओ आईसीडीएस चांदनी, किसान सलाहकार, एटीएम, बीटीएम सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि पूरे दरभंगा जिले में शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र की मजबूत परंपरा को बनाए रखा जाए।

# 65 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया,**(हि .स.)लौरिया थाना पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्करों के खिलाफ की गई कार्रवाई में बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस ने लौरिया-रामनगर मुख्य मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास से मोटरसाइकिल सवार दो तस्करों को 65 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों युवक तेज गति से लौरिया की ओर आ रहे थे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें रोक लिया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर लदे दो बोरों में कुल 65 लीटर देसी शराब बरामद की गई।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान मंटु चौधरी (32) पुत्र स्व. मोतीलाल चौधरी तथा मुकेश चौधरी (28) पुत्र स्व. वकील चौधरी, दोनों निवासी पकड़ी नुनिवा टोला, लौरिया नगर पंचायत के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब और मोटरसाइकिल को थाना लाया गया है। दोनों आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में बेतिया जेल भेज दिया गया है।

# नालंदा में जिला मास्टर ट्रेनर को बिहार विधानसभा चुनाव-2025 हेतु प्रशिक्षण ब्रीफिंग

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता की

**न्यूज स्केल नालंदा**

**01: प्रशिक्षण में प्रपत्र 17C भरकर शत-प्रतिशत मतदान अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर सुनिश्चित करने पर जोर।**

**02 : VTR की शुद्धता हेतु CU से मिलान और ECI नेट ऐप पर सही अपलोड करना अनिवार्य।**

**03 : मॉक पोल क्लियर करने और आफ्टर पोल क्लोज बटन दबाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज नगर भवन, बिहार शरीफ में जिला मास्टर ट्रेनर को विशेष ब्रीफिंग दी गई। इस अवसर पर श्री कुंदन कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान सभी पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक जानकारी देने के निर्देश दिए। मुख्य रूप से प्रपत्र 17C भरकर शत-प्रतिशत मतदान अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर प्राप्त करने, VTR की शुद्धता हेतु CU से मिलान करने और ECI नेट ऐप पर सही तरीके से अपलोड करने का कार्य प्रशिक्षण में शामिल रहेगा। इसके अलावा मॉक पोल क्लियर करना और आफ्टर पोल क्लोज बटन दबाने की प्रक्रिया पर भी जोर दिया गया। ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन का प्रशिक्षण 11 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2025 तक निरंतर जारी रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण हो, ताकि विधानसभा आम निर्वाचन का कार्य त्रुटि रहित संपन्न किया जा सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता प्रशिक्षण कोषांग, उप निर्वाचन पदाधिकारी, डीआइओ और अन्य जिला मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 : दरभंगा में मतगणना केंद्र और रिसीविंग सेंटर का निरीक्षण

**न्यूज स्केल दरभंगा**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री कौशल कुमार ने बाजार समिति शिवधारा स्थित मतगणना केंद्र एवं रिसीविंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष और सुचारु बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चल रहे निर्माण एवं व्यवस्था कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेष रूप से बज्रगृह में अर्धसैनिक बलों के ठहराव, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पी.एच.ई.डी. को दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्माण एवं व्यवस्थागत कार्यों को निर्धारित समय सीमा, 19 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। इसके अलावा, मतदान एवं मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियों में सुरक्षा, सुविधा और अनुशासन बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुरेश कुमार, बंदोबस्त पदाधिकारी श्री मनोज कुमार, वरीय कोषागार पदाधिकारी श्री शंभू कुमार आर्य, कार्यपालक अभियंता (भवन निर्माण) रविंद्र कुमार रवि सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने बताया कि मतगणना केंद्रों और रिसीविंग सेंटरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी, ताकि चुनावी प्रक्रिया सुचारू एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न हो सके। इस निरीक्षण से यह संदेश गया कि प्रशासन हर स्तर पर तैयार है और निर्वाचन की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।

# पिता को बचाने दौड़े बेटे की गई जान , करंट से मौत



**नवादा,**(हि .स.)नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के परणादाबर थाने मुरार कुरहा गांव में बुधवार को बिजली के गिरे हुए तार की चपेट में आने से एक बेटे की मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से झुलस गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब पिता कैलाश यादव (60) बधार की ओर निकले थे। रास्ते में गिरे एलटी लाइन के तार से उनका पैर छू गया और वे करंट की चपेट में आकर वहीं गिर पड़े।

कुछ ही दूरी पर मौजूद उनके पुत्र प्रदीप कुमार (30) ने उन्हें बचाने की कोशिश की जैसे ही उसने पिता को पकड़ने की कोशिश की, वह भी तेज करंट की चपेट में आ गया। दोनों तड़पने लगे, चीख सुनकर ग्रामीण दौड़े और किसी तरह बिजली आपूर्ति बंद कराई। ग्रामीणों ने दोनों को आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला पहुँचाया, जहाँ डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने जांच के बाद प्रदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया। पिता कैलाश यादव की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है।

# चुनावी व्यवस्थाओं को पारदर्शी व सरल बनाने की दिशा में एक और कदम

## जिलास्तर पर समाहरणालय परिसर में एकल खिड़की प्रणाली प्रारंभ

**न्यूज स्केल बेतिया**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत सभी उम्मीदवारों अथवा उनके प्रतिनिधियों को चुनाव प्रचार-प्रसार में विभिन्न अनुमतियों की प्राप्ति में सुविधा हेतु विभिन्न स्तरों पर एकल खिड़की कोषांग की व्यवस्था की गयी है। इसी क्रम में आज दिनांक-15.10.2025 को जिलास्तरीय एकल खिड़की की व्यवस्था जो लाहिया स्वच्छ बिहार अभियान कार्यालय में संचालित है, का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, श्री धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया।

एकल खिड़की व्यवस्था (कोषांग) में सभी राजनैतिक उम्मीदवारों को उनके चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए वाहन/रैली/चुनाव कार्यालय/हेलीकॉप्टर आदि की अनुमति उक्त कोषांग के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर दी जायेगी। इस मौके पर सुमित कुमार, उप विकास आयुक्त, श्री राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, अरूण प्रकाश, निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, सौरभ आलोक, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, श्रीमती नगमा तबस्सुम, वरीय उप समाहर्ता, श्री राकेश कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# संयुक्त राष्ट्र संघ के 32 सैन्य मित्र देशों के सेना अध्यक्ष और अधिकारियों ने सपरिवार देखा ताजमहल

**आगरा,** (हि.स.)। संयुक्त राष्ट्र संघ के 32 सैन्य मित्र देशों (यूएनटीसीसी) के सेना अध्यक्ष, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी सपरिवार ने बुधवार को आगरा पहुंचकर ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गए थे।

आज सुबह संयुक्त राष्ट्र संघ के 32 सैन्य मित्र देशों के सेना अध्यक्ष, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और उनके परिजन एक विशेष वायुयान से आगरा हवाई अड्डे पर पहुंचे। इन सैन्य अधिकारियों ने ताजमहल के दीदार किये और उसकी सुंदरता की सराहना की। सैन्य अधिकारियों ने यहां खूब फोटोग्राफी भी की। ताजमहल भ्रमण के दौरान डेलिगेशन के साथ ताजमहल सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ के कमांडेंट वीके दुबे और आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया के वरिष्ठ सर्वेक्षण सहायक प्रिंस बाजपेई साथ रहे। विदेशी सैन्य अधिकारियों का यह प्रतिनिधिमंडल लगभग एक घंटे तक ताजमहल परिसर में रहा।

सर्वेक्षण सहायक प्रिंस वाजपेई ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने ताजमहल को देखा। करीब दो सौ सदस्यों का यह डेलिगेशन आगरा में पैरा ब्रिगेड परिसर में आयोजित सैन्य स्वागत कार्यक्रम में भी शामिल हुआ। विदेशी सैन्य अफसरों के ताजमहल भ्रमण के दौरान परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के 34 सैन्य मित्र देशों का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में 14 से 16 अक्टूबर तक चल रहे यूनाइटेड नेशंस ट्रूपिंग कंट्रीब्यूटिंग कंट्रीज समिट में भाग लेने दिल्ली आया हुआ है। इस सम्मिट में संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति अभियानों में भविष्य के लिए रणनीति के लिए विचार विमर्श किया जाना है।



## ग्लोबल मार्केट में पहली बार 4,200 डॉलर के पार पहुंचा सोना, नए शिखर पर चांदी



**नई दिल्ली,** (हि.स.). अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी ने लगातार नए रिकॉर्ड बनाए हैं। आज फिजिकल गोल्ड (हाजिर सोना) की कीमत 4,209.66 डॉलर प्रति औंस के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गई, हालांकि बाद में मामूली गिरावट के बाद दोपहर 1:30 बजे यह 4,204.91 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

चांदी की कीमत में भी जबरदस्त तेजी देखी गई। आज यह 53.54 डॉलर प्रति औंस के ऑल टाइम हाई तक पहुंची, जबकि दोपहर में 52.97 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार हो रहा था। पिछले साल अक्टूबर में चांदी की कीमत 27.50 डॉलर प्रति औंस थी, यानी एक साल में लगभग दोगुनी हो गई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते टैरिफ तनाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती के संकेत ने सोने की मांग को बढ़ावा दिया है। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने बेंचमार्क रेट्स में 0.25 की और कटौती का संकेत दिया, जिससे ट्रेजरी बॉन्ड पर यील्ड गिर गई और निवेशक सोना-चांदी की ओर आकर्षित हुए। इसके अलावा अमेरिकी सरकार का शटडाउन, ईटीएफ में निवेश और दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीदारी ने भी कीमतों को मजबूती दी। चांदी की कीमत में तेजी का कारण सप्लाई में कमी और अमेरिकी सरकार द्वारा सेक्शन 232 के तहत खनिजों पर संभावित नए टैरिफ का डर भी है। कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता के अनुसार, यदि यह डर बना रहा तो चांदी की कीमत साल के अंत तक 70 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती है। इस प्रकार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी ने निवेशकों के आकर्षण और वैश्विक आर्थिक-सियासी घटनाक्रम की वजह से रिकॉर्ड ऊंचाई छू ली है।

## भारत और सऊदी अरब रसायन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**नई दिल्ली,** (हि.स).भारत और सऊदी अरब ने रसायन एवं पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, निवेश को प्रोत्साहित करने और नए सहयोग क्षेत्रों की खोज करने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने इस क्षेत्र में स्थायी और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई, जिससे रणनीतिक और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय और सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज मंत्रालय के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक की अध्यक्षता सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज उप मंत्री खलील बिन इब्राहिम बिन सलामाह और केंद्रीय रसायन एवं पेट्रोरसायन सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा ने की। बैठक में निवेश बढ़ाने, सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज और अनुसंधान एवं कौशल विकास में साझेदारी पर चर्चा हुई।




सऊदी अरब भारत का चौथा और भारत सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें रसायन और पेट्रोकेमिकल्स का योगदान 10 प्रतिशत यानी 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

## दो दिनों की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी, शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद उछले सेंसेक्स और निफ्टी

### बाजार की मजबूती से निवेशकों ने कमाए 4.29 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली,** (हि.स.)घरेलू शेयर बाजार ने लगातार दो दिनों की कमजोरी के बाद आज मजबूती के साथ कारोबार बंद किया। सेंसेक्स 0.70 प्रतिशत और निफ्टी 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी और पहले घंटे में उतार-चढ़ाव के बाद खरीदारी ने लिवाली बढ़ाई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के संकेत, कच्चे तेल में नरमी, रुपये का मजबूती और मजबूत वैश्विक संकेतों ने



बाजार में उत्साह बनाए रखा। आज सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में रहे, जिसमें रियल्टी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और बैंकिंग सबसे आगे रहे। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी क्रमशः 1.07 और 0.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। निवेशकों की संपत्ति में 4.29 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ, जिससे बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 463.96 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। बीएसई में 4,326 शेयरों में से 2,510 बढ़त के साथ और एनएसई में 2,834 शेयरों में से 1,789 हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स में 30 में से 23 और निफ्टी में 50 में से 38 शेयर मजबूत रहे। प्रमुख गेनर्स में बजाज फाइनेंस, नेस्ले और एशियन पेंट्स रहे, जबकि टाटा मोटर्स, इंफोसिस और बजाज ऑटो शीर्ष लूजर्स में शामिल रहे।

## करेले का जूस डायबिटीज में फायदेमंद : ब्लड शुगर कंट्रोल में मददगार

आजकल की अनियमित जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से देश में डायबिटीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रोसेस्ड फूड, मीठे पेय पदार्थ और तला-भुना खाना मोटापा और मेटाबॉलिज्म संबंधी समस्याओं का कारण बनते हैं, जो मधुमेह की शुरुआत को बढ़ावा देते हैं। शारीरिक व्यायाम की कमी और लगातार





तनाव भी इसके जोखिम को बढ़ाते हैं। अगर समय पर ब्लड शुगर को नियंत्रित न किया जाए तो यह शरीर के लिए गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। ऐसे में अपनी डाइट में करेला शामिल करना बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। करेले में पोटेशियम, विटामिन ए, बी, सी और राइबोफ्लेविन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये पैंक्रियास की बीटा सेल्स को सक्रिय रखते हैं, जिससे शरीर में सही मात्रा में इंसुलिन बनती है। इसमें मौजूद हाइपोग्लाइसेमिक कंपाउंड, पॉलीपेप्टाइड-पी और चारेंटिन ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

**करेले का जूस बनाने का तरीका:** : 1 खीरा, 2 करेला और 3 टमाटर लें। इन्हें ग्राइंडर में डालकर जूस बना लें। रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। स्वाद के लिए थोड़े नींबू का रस मिला सकते हैं। इसके साथ संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनाव कम करना भी महत्वपूर्ण है।

**करेले के जूस के फायदे:** करेले का जूस न केवल ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है, बल्कि पाचन सुधारने, वजन घटाने और त्वचा व बालों को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है। यह विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है और शरीर संक्रमण से लड़ने में सक्षम होता है।

## राशिफल : 16 अक्टूबर, 2025

**मेष :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**मिथुन :** मनोरथ सिद्घ होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**सिंह :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**तुला :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**कुम्भ :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**वृष :** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**कन्या :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

**मकर :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**मीन :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

## पंचांग : 16 अक्टूबर, 2025

16 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र कर्क में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
तुला 06.07 बजे से
वृश्चिक 08.21 बजे से
धनु 10.37 बजे से
मकर 12.43 बजे से
कुंभ 14.29 बजे से
मीन 16.02 बजे से
मेष 17.32 बजे से
वृष 19.12 बजे से
मिथुन 21.11 बजे से
कर्क 23.24 बजे से
सिंह 01.40 बजे से
कन्या 03.52 बजे से

गुरुवार 2025 वर्ष का 289वां दिन
दिशाशूल दक्षिण ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण
तिथि दशमी 10.36 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आश्लेषा 12.42 बजे को समाप्त।
योग शुभ 02.11 बजे रात्र को समाप्त।
करण विष्टि 10.36 बजे तदनन्तर बव 22.50 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 080 54’
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872499
जूलियन दिन 2460964.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1447

महीना रबी उस्सानी

तारीख 23




# रेल मंत्री ने भारत मंडपम में एशिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रदर्शनी 'आईआरईई 2025' का किया उद्घाटन

## कम गुणवत्ता वाले उपकरणों और पुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के साथ कोई नरमी नहीं : वैष्णव

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत मंडपम में बुधवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एशिया की सबसे बड़ी रेलवे और परिवहन प्रदर्शनी – 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई 2025) का उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 17 अक्टूबर तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। इसका उद्देश्य रेलवे क्षेत्र में नवाचार, आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

**नई तकनीक और गुणवत्ता नियंत्रण** : वैष्णव ने पुश-पुल तकनीक और नई पीढ़ी की अमृत भारत 4.2 ट्रेनसेट एवं जनरेशन पैसेंजर लोकोमोटिव के विकास पर जोर दिया। उन्होंने गुणवत्ता नियंत्रण के प्रति सख्त रुख अपनाने की बात कही और सभी उपकरण निर्माताओं को चेतावनी दी कि कम गुणवत्ता वाले पुर्जों की आपूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**भविष्य की तकनीक और प्रशिक्षण** : रेल मंत्री ने हाइड्रोजन-पावर ट्रेन जैसे उन्नत तकनीकी विकास की जानकारी दी, जो 2400 किलोवाट क्षमता वाली है और पूरी तरह भारतीय इंजीनियरों द्वारा डिज़ाइन की गई है। उन्होंने गति शक्ति विश्वविद्यालय द्वारा उद्योगों के साथ साझेदारी में आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने और आगामी वर्षों में पुल और सुरंग डिज़ाइन के क्षेत्र में विशेष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की।

**आईआरईई 2025 भारतीय** रेलवे के तकनीकी और औद्योगिक बदलाव का प्रतीक बनकर उभरी है, जो नवाचार, आत्मनिर्भरता और गुणवत्ता पर केंद्रित है।

**कौशल विकास और नवाचार के लिए एमओयू :**

आईआरईई 2025 के उद्घाटन अवसर पर सीआईआई और गति शक्ति विश्वविद्यालय ने कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही, सीआईआई और एशियाई विकास बैंक ने "ऑन द राइट ट्रैक" शीर्षक से रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारतीय रेलवे में हो रहे तकनीकी परिवर्तनों और विकास की दिशा पर प्रकाश डाला गया।

**रेल मंत्री के उद्घाटन सत्र में संदेश :**

रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि आईआरईई भारतीय रेलवे के लिए ऐतिहासिक अवसर है। करीब 15 देशों के उपकरण निर्माता और बड़ी संख्या में एमएसएमई इकाइयां इसमें भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 35,000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गई हैं, 156 वंदे भारत एक्सप्रेस, 30 अमृत भारत और 4 नमो भारत ट्रेनें चल रही हैं। भारतीय रेलवे प्रतिवर्ष लगभग 7,000 कोच तैयार कर रहा है।

**01 : सीआईआई और गति शक्ति विश्वविद्यालय ने कौशल विकास पर एमओयू पर हस्ताक्षर किए।**

**02 : सीआईआई और एडीबी ने भारतीय रेलवे में हो रहे परिवर्तन पर रिपोर्ट जारी की।**

**03 : भारतीय रेलवे में पुश-पुल तकनीक और नई पीढ़ी के ट्रेनसेट्स का विकास।**

**04 : हाइड्रोजन-पावर ट्रेन पूरी तरह भारतीय इंजीनियरों द्वारा डिज़ाइन**

## भारत के साथ रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने को मंगोलिया तैयार : अमरसाइखान



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मंगोलिया के उप प्रधानमंत्री सैनबुयान अमरसाइखान ने कहा है कि उनकी सरकार भारत के साथ व्यापार, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और सैन्य सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वैश्विक व्यापारिक चुनौतियों के बावजूद भारत एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है और इसमें अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

अमरसाइखान ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के लिए दोनों देश तत्पर हैं। भारत का विशाल बाजार इसे रणनीतिक साझेदार बनाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत और मंगोलिया के बीच पहले से ही कई द्विपक्षीय परियोजनाएं चल रही हैं।

मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ उप प्रधानमंत्री चार दिवसीय भारत दौरे पर हैं, जो 13 से 16 अक्टूबर तक चल रहा है। इस दौरे को अमरसाइखान ने नए अवसरों से भरा बताया और व्यापारिक मुद्दों के संतुलन और समाधान की उम्मीद जताई।

## सीबीआई ने एनएचआईडीसीएल के अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के गुवाहाटी कार्यालय के कार्यकारी निदेशक और क्षेत्रीय अधिकारी मैसनम रितेन कुमार सिंह को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उनके साथ एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि बिनोद कुमार जैन को भी पकड़ा है।



सीबीआई के मुताबिक, एजेंसी ने 14 अक्टूबर को जाल बिछाकर दोनों को 10 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह रिश्वत असम में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के डेमो से मोरान बाइपास तक के चार लेन निर्माण कार्य में समय बढ़ाने और काम पूरा होने का प्रमाण पत्र देने के लिए मांगी गई थी।

सीबीआई ने आरोपियों के सात ठिकानों पर छापा मारा और वहां से 2.62 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। जांच में पता चला है कि अधिकारी और उनके परिवार के नाम देश के कई हिस्सों में 9 जमीन के टुकड़े और 20 फ्लैट हैं। साथ ही कई महंगी गाड़ियों के दस्तावेज भी मिले हैं। सीबीआई अभी भी मामले की जांच कर रही है। दोनों आरोपितों को आज गुवाहाटी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में 50 लाख के 27 इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण



**सुकमा/रायपुर,** (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को 50 लाख के इनामी 27 नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। सुकमा पुलस अधीक्षक कार्यालय की तरफ से जारी की गई जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सली कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। इनमें पीएलजीए बटालियन नंबर 01 में सक्रिय 02 हार्डकोर माओवादी सहित सीवाईसीएम के 01, पार्टी सदस्य 15 एवं अन्य 11 सक्रिय नक्सली शामिल हैं।

## आदिवासी क्षेत्र को बदहाली की ओर ले जा रही हेमंत सोरेन सरकार : भाजपा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने दावा किया कि झारखंड में करीब 2,000 करोड़ रुपये का जिला मिनिरल फाउंडेशन ट्रस्ट घोटाला सामने आया है।



उन्होंने आरोप लगाया कि इस घोटाले के जरिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी क्षेत्र को बदहाली की ओर ले जाने और आदिवासियों को लूटने का प्रयास कर रही थी।

भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में तुहिन सिन्हा ने कहा कि इस संदर्भ में 8 सितंबर को पहली पर बाबूलाल मरांडी ने प्रेस वार्ता की थी, जिसके उपरांत झारखंड उच्च न्यायालय ने इस पर संज्ञान लिया।

13 अक्टूबर को जब इस मामले पर सुनवाई हुई तो उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को अगले 4 हफ्ते में सुनवाई से पहले इसपर अपना उत्तर देने का निर्देश दिया।

उन्होंने दावा किया कि बोकारो में जो घोटाला सामने आया है, वह केवल एक सिरा भर है, कहा जा रहा है कि अगर पूरे झारखंड के अनुमान को मिलाकर देखा जाए तो यह घोटाला 2,000 करोड़ रुपये तक बड़ा हो सकता है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस घोटाले का पर्दाफाश किया। यह मामला राष्ट्रीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य में सत्ता चला रही तीनों पार्टियां- झरखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) - सभी विपक्षी इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। यही पार्टियां पड़ोसी राज्य में भी चुनाव लड़ रही हैं। रहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि क्या वे इस घोटाले के माध्यम से फंड घुमाने की कोशिश कर रहे हैं?

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट पर प्रतिक्रया देते हुए तुहिन सिन्हा ने कहा कि एक महीने पहले विपक्ष के नेता ने भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' (डेड इकोनॉमी ) कहा था। अब उन्हें उनका जवाब मिल गया। आईएमएफ ने वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की जीडीपी वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत आज भी दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।

## जैसलमेर बस अग्रिकांड : शवों को जोधपुर लाया गया, 9 एमजीएच और 10 एम्स मोर्चरी में रखवाए गए

**जोधपुर**, (हि.स.)। जोधपुर जैसलमेर रोड थईयात गांव के पास में मंगलवार दोपहर हुई निजी बस अग्रिकांड में मरने वाले 19 शवों को अब जोधपुर लाया गया है। जिनका डीएनए परीक्षण किया जाएगा और बाद में परिजन को सुपुर्द किया जाएगा। जोधपुर के एमजी अस्पताल और एम्स अस्पताल की मोर्चरी में शवों को रखवाया गया है।



एमजी अस्पताल अधीक्षक डॉ. फतेह सिंह भाटी ने बताया कि 09 शव एमजीएच और 10 शवों को एम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। एक शव पहले से जोधपुर में है। घायलों में पांच लोग वेंटिलेटर पर और 8 की हालत नाजुक बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार अपरान्ह साढ़े तीन बजे के आसपास जैसलमेर से जोधपुर की तरफ आ रही एक निजी बस में एसी में शार्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई थी, हादसे में बीस लोगों की जलकर मौत हो गई। 15 लोग गंभीर और सामान्य तौर पर झुलस गए थे। बस में 57 लोग सवार थे। बस का इसी माह रजिस्ट्रेशन हुआ था और एकदम नई बस थी। रात में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहले जैसलमेर फिर जोधपुर के एमजी अस्पताल पहुंचे थे।

घटनास्थल का दौरा करने के बाद चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि बस में पीछे से धमाके की आवाज आई। आशंका है कि एसी का कंप्रेशर फट गया जिससे गैस और डीजल के साथ मिलकर भीषण आग लगी। एक ही दरवाजा था इसलिए लोग फंस गए। आगे की सीट वाले निकल गए। बस से जो बॉडी निकाली जा सकीं, आर्मी ने निकाल लीं। जो बिल्कुल खाक हो गए, उनका कहा नहीं जा सकता।

**50-50 लाख सहायता की मांग** इधर, हादसे के बाद मृतकों को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पं. एस के जोशी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से 50-50 लाख की सहायता की मांग रखी। साथ ही घायलों को दस-दस लाख का आग्रह किया गया है।



# जापान में एलडीपी को इशिबा के उत्तराधिकारी के चुनाव में झटका देने की तैयारी में विपक्ष

**टोक्यो,** (हि.स.)। जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को निवर्तमान प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के उत्तराधिकारी के चुनाव में संसद (डाइट) में कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। एलडीपी ने 21 अक्टूबर को होने वाले मतदान की तैयारियां तेज कर दी हैं, लेकिन विपक्षी दल रणनीतिक गठजोड़ के ज़रिए बहुमत समीकरण को बिगाड़ने की कोशिश में हैं।

संख्याबल में कमजोर एलडीपी एलडीपी संसद के दोनों सदनों — प्रतिनिधि सभा (निचला सदन) और पार्षद सदन (ऊपरी सदन) — में सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन किसी में भी स्पष्ट बहुमत नहीं रखती। हाल ही में पार्टी की नई अध्यक्ष साने ताकाइची को प्रधानमंत्री पद की दावेदार के रूप में आगे किया गया है। ताकाइची के चुने जाने की संभावना फिलहाल अनिश्चित है, क्योंकि सहयोगी कोमेइतो पार्टी ने गठबंधन से अलग होने का ऐलान कर दिया है।

विपक्ष की सक्रियता बढ़ी
विपक्षी दल कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (सीडीपी), डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल (डीपीपी) और निप्पॉन इशिन नो काई के साथ मिलकर बहुमत का समीकरण साधने की कोशिश कर रही है। सीडीपी के नेता योशीहिको नोडा ने डीपीपी प्रमुख युइचिरो तामाकी के समर्थन को "एक संभावित विकल्प" बताया है। हालांकि
तीनों दलों की नीतियों—विशेषकर सुरक्षा, ऊर्जा और संविधान—को लेकर मतभेद अभी भी बने हुए हैं।

बहुमत का गणित
रिपोर्ट के मुताबिक, निचले सदन में बहुमत पाने वाला सांसद ही प्रधानमंत्री चुना जाएगा। अगर किसी उम्मीदवार को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता, तो शीर्ष दो दावेदारों के बीच मुकाबला होगा।
यदि डीपीपी, सीडीपी और निप्पॉन इशिन एकजुट होते हैं, तो उन्हें 209 सीटें मिलेंगी — बहुमत (233) से 24 कम।
वहीं, डीपीपी अगर एलडीपी से जुड़ती है, तो दोनों के पास 223 सीटें होंगी।
कोमेइतो के समर्थन से संभावित सीडीपी-डीपीपी-निप्पॉन इशिन गठबंधन 234 सीटें हासिल कर सकता है, जो बहुमत का आंकड़ा पार कर लेगा।

डीपीपी का संतुलित रुख
डीपीपी महासचिव काज़ुया शिम्बा ने मंगलवार को एलडीपी, कोमेइतो और विपक्षी दलों के नेताओं से लगातार बैठकें कीं। उन्होंने आयकर छूट सीमा बढ़ाने और अस्थायी गैसोलीन कर समाप्त करने के मुद्दे पर समझौते के सम्मान की मांग रखी। शिम्बा ने गठबंधन में औपचारिक रूप से शामिल होने से इंकार करते हुए कहा कि पार्टी किसी भी पक्ष का समर्थन नीतिगत समझ के आधार पर ही करेगी।

निर्णायक मोड़ पर जापान की राजनीति
अब सबकी निगाहें 21 अक्टूबर के मतदान पर हैं। विपक्षी दलों के बीच जारी गहन संवाद से यह संकेत मिल रहे हैं कि अगर वे साझा एजेंडा पर सहमत हो गए, तो जापान की राजनीति में सत्ता परिवर्तन संभव है। लेकिन अगर मतभेद बने रहे, तो एलडीपी एक बार फिर सत्ता बचाने में सफल हो सकती है।

# नेतन्याहू ने कहा-हमास ने निशस्त्रीकरण से इनकार किया तो तबाही मच जाएगी

## इजराइल ने धमकी दी—शवों की वापसी में देरी पर राफाह सीमा बंद कर दी जाएगी

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। भारतीय मूल के अमेरिकी तेल अवीव, 15 अक्टूबर। गाजा में युद्धविराम का पहला चरण लागू होने के बाद इजराइल और हमास के बीच बंधकों और कैदियों का आदान-प्रदान जारी है। इजराइली बंधकों की रिहाई के बाद फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा जा रहा है, जबकि हमास ने चार मृत बंधकों के शव इजराइल को सौंप दिए हैं।



**नेतन्याहू का सख्त रुख**
प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि अगर हमास निशस्त्रीकरण से इनकार करता है तो तबाही मच जाएगी। सीबीएस न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने जोर देकर कहा कि गाजा का विसैन्यीकरण और हथियारों की तस्करी रोकना युद्धविराम की शर्तों में शामिल है और यदि हमास शर्तें नहीं मानता तो आक्रामक कार्वाई की जाएगी।

**मृत बंधकों की पहचान प्रक्रिया**
: इजराइली स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की कि चार मृत बंधकों के अवशेष अबू कबीर फॉरेंसिक संस्थान पहुंच गए हैं और पहचान में लगभग दो दिन लग सकते हैं। हमास ने मध्यस्थों को और शव सौंपने की जानकारी दी है; उसने कहा कि कुछ शव मलबे और सुरंगों के नीचे दबे होने के कारण निकालने में समय लग रहा है।

**01: युद्धविराम के तहत बंधकों और कैदियों का आदान-प्रदान जारी है।**

---------------

**02 : हमास ने चार मृत बंधकों के शव इजराइल को सौंपे, पहचान प्रक्रिया शुरू।**

**दबाव और आगे की संभावनाएँ**
: इजराइल ने हमास के दावों को टालमटोल बताकर चेतावनी दी है कि शीघ्रता से काम न होने पर सहायता सीमित कर दी जाएगी, राफाह सीमा बंद की जाएगी और संघर्ष फिर शुरू हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी कहा है कि हमास ने मध्यस्थों को भटकाने का प्रयास किया। भविष्य इन शर्तों और मध्यस्थों की भूमिका पर निर्भर करेगा संदर्भ और शांति प्रयास जारी रहेंगे।

# पाकिस्तानी सेना और अफगान तालिबान के बीच सीमा पर लड़ाई छिड़ी, चौकियां व टैंक नष्ट करने का दावा

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया है। खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में मंगलवार रात दोनों देशों की सेनाओं के बीच भीषण लड़ाई हुई। पाकिस्तान ने दावा किया कि अफगान तालिबान ने बिना उकसावे गोलीबारी की, जिसका कड़ा जवाब दिया गया। सरकारी प्रसारक पीटीवी न्यूज के अनुसार, जवाबी कार्रवाई में तालिबान के कई टैंक और चौकियां नष्ट कर दी गईं



तथा उनके 200 से अधिक लड़ाके मारे गए। पाकिस्तानी सेना के 23 जवान भी शहीद हुए हैं। अफगानिस्तान ने पलटवार में कहा कि यह हमला प्रतिशोध के तौर पर किया गया, क्योंकि पिछले सप्ताह पाकिस्तान ने उसके क्षेत्र में हवाई हमला किया था। सीमा पर झड़पें खोस्त, नांगरहार और हेलमंद तक फैल गई हैं। दोनों देशों के बीच स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है।

# भारतीय मूल के एश्ले टेलिस अमेरिका में गिरफ्तार

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। भारतीय मूल के अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ सलाहकार एश्ले टेलिस को गिरफ्तार किया गया है। उन पर देश की सुरक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज अपने पास रखने का आरोप है। इसको लेकर उन पर चीन के अधिकारियों के साथ साठगांठ का भी आरोप है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टेलिस की गिरफ्तारी 12 अक्टूबर को वर्जीनिया में उस समय हुई जब वह परिजनों के साथ इटली जाने वाले थे। 64 साल के टेलिस के वर्जीनिया वाले घर से संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) को 1,000 से ज्यादा पृष्ठ के गोपनीय दस्तावेज मिले हैं। अगर वह दोषी पाए गए तो उन्हें दस साल




की जेल और 2.5 लाख डॉलर (करीब 2 करोड़ रुपये) का जुर्माना हो सकता है। टेलिस की सुनवाई वर्जीनिया कोर्ट में होगी। इस मामले के राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े होने के कारण उन्हें जमानत मिलने की संभावना कम है। इस बीच वर्जीनिया के पूर्वी जिले की अटॉर्नी लिंडसे हॉलिगन ने कहा कि टेलिस पर लगाए गए आरोप अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। इस बारे में कानून का सख्ती से पालन किया जाएगा। भारत के मुंबई में जन्मे टेलिस का नाम अमेरिका के बड़े रक्षा विशेषज्ञों में शामिल है। वह 2001 से अमेरिकी विदेश विभाग में सलाहकार हैं। उन्होंने 2008 में हुए अमेरिका-भारत परमाणु समझौते में अहम भूमिका निभाई थी, जिसने दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत किया। टेलिस ने पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश और वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ भी काम किया है।

# वेनेजुएला के तट पर मादक पदार्थ ले जा रहे जहाज पर अमेरिकी सेना का हमला, छह की मौत

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि वेनेजुएला के तट पर अवैध मादक पदार्थ ले जा रहे एक जहाज पर अमेरिकी सैन्य हमले में छह तस्कर मारे गए हैं। सितंबर के बाद से कैरिबियन देश पर इस तरह का यह पांचवां अमेरिकी हमला है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस हमले में नाव पर सवार छह पुरुष नार्कोटेररिस्ट मारे गए। ट्रंप ने बताया उनके आदेश पर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इसपर अमल कराया। एक्स पर अपने



पोस्ट में ट्रंप ने हमले से जुड़े एक वीडियो को साझा किया जिसमें समुद्र में एक नाव को लक्षित करते हुए एक भीषण विस्फोट को दिखाया गया है। ट्रंप ने कहा कि खुफिया जानकारी ने पुष्टि की है कि जहाज मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था। यह अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल आतंकवादी नेटवर्क से जुड़ा था और एक ज्ञात (मादक पदार्थ तस्करी संगठन) मार्ग से गुजर रहा था। उन्होंने कहा कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में किया गया और जहाज पर सवार छह पुरुष आतंकवादी इस हमले में मारे गए। हमले में अमेरिकी सेना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। गौरतलब है कि पिछले चार हमलों में मुख्य रूप से फेंटेनाइल और कोकीन ले जा रहे जहाजों को निशाना बनाया गया जिसमें अब तक 21 लोग मारे गए हैं। हालांकि ट्रंप प्रशासन ने अभी तक कांग्रेस को इस दावे के समर्थन में सबूत नहीं दिए हैं कि कथित मादक पदार्थ तस्करी करने वाली नावें नशीले पदार्थ ले जा रही थीं। विगत फरवरी में ट्रंप ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले कुछ आपराधिक समूहों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया था।

## बुलेटिन बॉक्स

**» पाकिस्तान-अफगानिस्तानः कुर्रम सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच झड़प, कई चौकियां ध्वस्त होने का दावा।**

------------------

**» इजराइल-हमासः युद्धविराम के बीच नेतन्याहू ने हमास के निशस्त्रीकरण से इनकार पर सख्त चेतावनी दी।**

------------------

**» ईरानः साइबर हमलों को विफल करने का दावा, तीन अहम ठिकाने निशाने पर थे।**

------------------

**» नेपालः पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने युवाओं के विरोध प्रदर्शनों को 'वैश्विक षड्यंत्र' बताया।**

# बांग्लादेश में वस्त्र कारखाने और रासायनिक गोदाम में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**ढाका,** (हि.स.)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के मीरपुर इलाके में मंगलवार को एक वस्त्र कारखाने और रासायनिक गोदाम में आग लगने से कम-से-कम 16 लोगों की मौत हो गई है तथा इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अग्निशमन सेवा के निदेशक ताजुल इस्लाम चौधरी ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग इमारत की तीसरी मंजिल से शुरू हुई और जल्द ही वस्त्र कारखाने से सटे रासायनिक गोदाम तक फैल गई। गोदाम में ब्लीचिंग पाउडर, प्लास्टिक और हाइड्रोजन पैरॉक्साइड जैसे खतरनाक रसायन रखे थे। उन्होंने कहा "दूसरी और तीसरी



मंजिल से 16 शव बरामद किए गए हैं। खोज एवं बचाव कार्य अभी जारी हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।"
अधिकारियों ने बताया कि अभी तक आग लगने का कारणो का पता नहीं चल सका है। फ़ैक्ट्री के मालिकों की धरपकड़ के लिए पुलिस और सेना जुटी हुई है।
इस बीच सरकार के अंतरिम प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने इस त्रासदी पर दुःख व्यक्त किया है और घटना की स्वतंत्र जांच कराने एवं प्रभावितों को हर संभव सहायता देने का निर्देश दिया है।

# पूर्व पीएम ओली ने नेपाल में विद्रोह को पूर्व नियोजित वैश्विक षडयंत्र करार दिया

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने 8 और 9 सितंबर को देशभर में हुए युवाओं के विरोध प्रदर्शनों को वैश्विक षड्यंत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह विरोध सहज जनआंदोलन नहीं था, बल्कि वर्षों पहले रची गई राजनीतिक साजिश थी, जिसका उद्देश्य नेपाल के लोकतांत्रिक संस्थानों को अस्थिर करना है।

**लोकतंत्र की रक्षा को एकजुटता का आह्वान**
ओली ने पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में कहा




कि देश "प्रति-क्रांति" के दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर राजनीतिक दल समय रहते एकजुट नहीं हुए तो नेपाल अराजकता की ओर बढ़ जाएगा। उन्होंने लोकतांत्रिक और प्रगतिशील शक्तियों से अपील की कि वे राष्ट्र को शांतिपूर्ण, भ्रष्टाचार-मुक्त और विकासोन्मुख मार्ग पर ले जाने के लिए साथ आएं।

**यूएमएल की प्रासंगिकता पर जोर** : पूर्व प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी पर हमले उसकी कमजोरियों के कारण नहीं, बल्कि उसकी राष्ट्रवादी नीति के कारण हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूएमएल आज भी देश की प्रगति के लिए केंद्रीय भूमिका निभा रही है। "हम सरकार से बाहर हैं, पर देश को अब भी हमारी जरूरत है," ओली ने कहा।

# साइबर हमलों में ईरान के तीन महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाया गया : ईरानी अधिकारी

। **तेहरान,** (हि.स.)। ईरान ने दावा किया है कि हाल के सप्ताहों में उसके तीन अहम साइबर ठिकानों पर हुए हमलों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया है। देश के राष्ट्रीय साइबरस्पेस केंद्र के प्रमुख और सुप्रीम काउंसिल ऑफ साइबरस्पेस के सचिव मोहम्मद अमीन अघामिरी ने यह जानकारी मंगलवार को साइबर सुरक्षा निगरानी पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में दी। अघामिरी ने कहा कि डिजिटल सेवाओं पर जनता की बढ़ती निर्भरता के कारण साइबर सुरक्षा अब राष्ट्रीय महत्व का विषय बन गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का साइबर व्यवधान देश में असंतोष फैला सकता है। अघामिरी के अनुसार, "साइबरस्पेस अब ज़मीन, समुद्र, वायु और अंतरिक्ष के साथ युद्ध का पांचवां क्षेत्र बन चुका है।" उन्होंने बताया कि ईरान ने साइबर खतरों से निपटने के लिए कई नई पहलें शुरू की हैं,



जिनमें साइबर बीमा योजना प्रमुख है। यह योजना केंद्रीय बीमा संगठन के सहयोग से शुरू की गई है और इसके तहत पहला साइबर बीमा लाइसेंस भी जारी किया गया है। अघामिरी ने कहा कि ईरान ने अपनी कुशल तकनीकी क्षमताओं से साइबर युद्ध को अपनी ताकत में बदल दिया है और सभी पेशेवरों से जनता के विश्वास व डिजिटल स्थिरता की रक्षा का आह्वान किया।




# ब्रैम्पटन ब्लिट्ज ने मॉन्ट्रियल रॉयल टाइगर्स को हराकर जीता पहले कनाडा सुपर 60 लीग का खिताब

**वैंकूवर,** (हि.स.)। ब्रैम्पटन ब्लिट्ज ने मॉन्ट्रियल रॉयल टाइगर्स को मंगलवार रात (भारतीय समयानुसार बुधवार) 8 विकेट से हराकर पहले कनाडा सुपर 60 टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। बीसी प्लेस में खेले गए फाइनल मुकाबले में ब्रैम्पटन ब्लिट्ज ने मॉन्ट्रियल रॉयल टाइगर्स को आठ विकेट से हराया।

टाइगर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 69 रन पर सिमट गई। ब्रैम्पटन के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। डिलन हेलीगर ने 4 विकेट मात्र 9 रन पर झटके। डेविड वीज़े ने 3 विकेट 6 रन पर और क्रिस ग्रेव्स ने 3 विकेट 16 रन पर लेकर टाइगर्स को 8 ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजों में सिर्फ शाकिब अल हसन (29 रन, 12 गेंद) और दिलप्रीत बाजवा (18 रन, 8 गेंद) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रैम्पटन ब्लिट्ज ने मात्र 5.5 ओवर में जीत दर्ज कर ली। मार्टिन गप्टिल ने 23 रन (13 गेंद) की नाबाद पारी खेली, जबकि जेम्स विंस ने 34 रन (16 गेंद) बनाए जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। एलेक्स डेविस ने छक्का लगाकर टीम को विजयी अंत दिलाया।

**सेमीफाइनल में गप्टिल और स्मीड की तूफानी बल्लेबाजी**

दिन के पहले सेमीफाइनल में ब्रैम्पटन ब्लिट्ज ने मिसिसॉगा मास्टर्स को नौ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्टिन गप्टिल (79 रन, 25 गेंद) और विल स्मीड (63 रन, 21 गेंद) ने 6.5 ओवर में ही 141 रनों की साझेदारी कर मैच लगभग तय कर दिया। गप्टिल ने 11 छक्के और 2 चौके लगाए, जबकि स्मीड ने 8 छक्के और 1 चौका लगाया।

इससे पहले मास्टर्स की ओर से लियुस डी प्लोई (43) और सिकंदर रजा (29) ने तेज शुरुआत दी। शुभम रंजन (25) और रैयान पठान (19) ने तेज रनों से स्कोर 148 तक पहुंचाया। ब्रैम्पटन के लिए पियूष चावला ने 2 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट लिए।

मॉन्ट्रियल रॉयल टाइगर्स ने वैंकूवर किंग्स को हराकर फाइनल में जगह बनाई

पहले सेमीफाइनल में मॉन्ट्रियल रॉयल टाइगर्स ने वैंकूवर किंग्स को 24 रन से हराया। निक हॉब्सन ने 23 गेंदों में 50 रन की धमाकेदार पारी खेली और टीम को 100/6 तक पहुंचाया। किंग्स के लिए बलतेज सिंह ने 3/21 के आंकड़ों के साथ बेहतरीन गेंदबाजी की।

जवाब में वैंकूवर की टीम शाकिब अल हसन (2/5) और रयान हिगिंस (2/16) की सटीक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 10 ओवर में 76/7 तक ही पहुंच पाई। मैक्स चू (25), ओबस पीनार (20) और जसकरनदीप सिंह (16) की कोशिशें नाकाम

**सीजन अवॉर्ड्स :-**

-----------------

मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयरः डेविड वीज़े (149 रन, 9 विकेट) – ब्रैम्पटन ब्लि ट्ज

=टॉप स्कोररः लियुस डी प्लोई (238 रन, 6 पारियां) – मिसिसॉगा मास्टर्स

टॉप विकेट टेकरः डिलन हेलीगर (13 विकेट, 7 मैच) – ब्रैम्पटन ब्लिट्ज

# अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 200 रनों से रौंदा, वनडे सीरीज़ में क्लीन स्वीप

**अबू धाबी,** (हि.स.)। अफगानिस्तान ने मंगलवार देर रात अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को 200 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज़ 3-0 से अपने नाम कर ली। यह अफगानिस्तान की लगातार पांचवीं वनडे सीरीज़ जीत है। टी20 सीरीज़ में 0-3 से हारने के बाद अफगान टीम ने जोरदार वापसी करते हुए बांग्लादेश को वनडे में उसी अंदाज में मात दी।




पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 293 रन बनाए। टीम के लिए इब्राहिम जादरान ने 95 रन की शानदार पारी खेली, जबकि मोहम्मद नबी ने 37 गेंदों में तूफानी 62 रन ठोके। जवाब में बांग्लादेश की टीम महज़ 27.1 ओवर में 93 रन पर सिमट गई। बिलाल सामी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 33 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि राशिद खान को 3 विकेट मिले।

अफगानिस्तान की पारी की शुरुआत रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने आक्रामक अंदाज में की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 15 ओवर में 99 रन जोड़े। गुरबाज 40 रन बनाकर आउट हुए, जबकि इब्राहिम 95 रन पर रन आउट हुए। नबी ने अंतिम ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 14 गेंदों में 45 रन जोड़े और पारी को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम शुरुआत में ही लड़खड़ा गई। मोहम्मद नाइम नौवें ओवर में आउट हुए और इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गई। 70/3 के स्कोर से टीम 81/8 तक सिमट गई। केवल सैफ हसन ही 43 रन बनाकर टिक सके, बाकी सभी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके।

**संक्षिप्त स्कोर :**

------------------------

अफगानिस्तान – 293/9 (इब्राहिम जादरान 95, मोहम्मद नबी 62*, सैफ हसन 3/6, तनवीर इस्लाम 2/46)

बांग्लादेश – 93 (सैफ हसन 43; बिलाल सामी 5/33, राशिद खान 3/12)

परिणामः अफगानिस्तान ने 200 रनों से जीत दर्ज की।

# विश्व कप क्वालिफायर में सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलर बने क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**लिस्बन (पुर्तगाल),** (हि.स.)। पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बुधवार को हंगरी के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले में रोनाल्डो ने दो गोल दागकर इतिहास रच दिया।



40 वर्षीय रोनाल्डो अब विश्व कप क्वालिफायर में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ग्वाटेमाला के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कार्लोस रुइज़ (39 गोल) को पीछे छोड़ते हुए अपना 40वां और 41वां गोल किया।

पांच बार के बैलन डी' ऑर विजेता रोनाल्डो ने 22वें मिनट में नेल्सन सेमेडो के क्रॉस पर शानदार फिनिश के साथ पुर्तगाल को बराबरी दिलाई। इसके बाद हाफ टाइम से पहले नूनो मेंडेस के पास पर गोल करते हुए टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी।

विश्व कप क्वालिफायर में सर्वाधिक गोल करने वाले शीर्ष तीन खिलाड़ीः

1. क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल) – 41 गोल
2. कार्लोस रुइज़ (ग्वाटेमाला) – 39 गोल
3. लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना) – 36 गोल

# महिला विश्व कप : धीमी ओवर गति के लिए भारतीय क्रिकेट टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली,** (हि.स.) विशाखापट्टनम में रविवार (12 अक्टूबर) को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए आईसीसी महिला विश्व कप मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण भारतीय टीम पर मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस मुकाबले में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने भारत द्वारा दिए गए 330 रनों के लक्ष्य को तीन विकेट और एक ओवर शेष रहते ही हासिल कर लिया। आईसीसी के मुताबिक समय सीमा में छूट का आकलन करने के बाद भी भारत की टीम एक ओवर पीछे पाई गई। इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरीज़ के मिशेल परेरा ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यदि कोई टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं करती है, तो प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 5 प्रतिशत काटा जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस गलती को स्वीकार कर लिया, जिसके बाद किसी औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। यह आरोप ऑन-फील्ड अंपायर सू रेडफर्न और निमाली परेरा, तीसरे अंपायर किम कॉटन और चौथे अंपायर जैकलीन विलियम्स ने लगाया था।




# आईसीसी वनडे रैंकिंग : राशिद खान फिर नंबर 1 गेंदबाज, इब्राहिम जादरान ने रचा इतिहास

**अबू धाबी/नई दिल्ली,** (हि.स.)।अबू धाबी में बांग्लादेश पर 3-0 की धमाकेदार जीत के बाद अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने आईसीसी पुरुष वनडे गेंदबाज़ी रैंकिंग में नंबर-1 स्थान फिर से हासिल कर लिया है। राशिद ने सीरीज़ में 11 विकेट झटके, जिसमें दूसरे मैच में पांच विकेट शामिल रहे। इस प्रदर्शन से उन्होंने पांच स्थानों की छलांग लगाते हुए 710 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान पाया। वह दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (680 अंक) से आगे हैं।

**अफगान खिलाड़ियों का दबदबा** L अफगान तेज़ गेंदबाज़ अज़मतुल्लाह उमरजई सात विकेट लेने के बाद 19 स्थान की छलांग लगाकर 21वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, बल्लेबाज़ इब्राहिम जादरान ने 213 रनों की बदौलत करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंक हासिल की। उन्होंने रहमानुल्लाह गुरबाज़ (अब 16वें स्थान) को पीछे छोड़ा। ऑलराउंडर रैंकिंग में अफगानिस्तान का जलवा अज़मतुल्लाह उमरजई अब फिर से



नंबर-1 ऑलराउंडर बन गए हैं, जबकि राशिद खान चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**कुलदीप और यशस्वी की शानदार छलांग :** भारत के कुलदीप यादव ने टेस्ट गेंदबाज़ी रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ 14वीं रैंक हासिल की है। वहीं सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जायसवाल ने 175 रनों की पारी के दम पर बल्लेबाज़ी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर जगह बनाई है। केएल राहुल भी दो स्थान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंचे हैं।

# इंग्लैंड ने लातविया को 5-0 से हराकर 2026 फीफा वर्ल्ड कप में जगह पक्की की

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इंग्लैंड ने लातविया को 5-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। बुधवार (भारतीय समयानुसार) को हुए मुकाबलों में हैरी केन का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इसके साथ ही इटली और इजरायल के मैच से पहले प्रोपैलेस्टाइन प्रदर्शनों ने भी माहौल गर्म कर दिया।

ग्रुप के में इंग्लैंड ने अपनी विजयी लय को जारी रखते हुए रीगा में लगातार छठी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ इंग्लैंड के 18 अंक हो गए और उसे शीर्ष स्थान पर सात अंकों की बढ़त मिल गई, जिससे उसने दो मैच शेष रहते ही विश्व कप का टिकट हासिल कर लिया।

इंग्लैंड के लिए एंथनी गॉर्डन ने पहला गोल किया, जिसके बाद हैरी केन ने दो गोल दागे, जिसमें एक पेनल्टी भी शामिल थी। हाफ टाइम तक इंग्लैंड 3-0 की बढ़त बना चुका था। इस प्रदर्शन के साथ केन ने क्लब और देश के लिए इस सीजन में 13 मैचों में कुल 21 गोल पूरे कर लिए।

मैच के बाद इंग्लैंड के कोच थॉमस टुशेल ने कहा, "वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करना हमेशा खास होता है, इसलिए टीम का मूड बहुत शानदार है।"

दूसरे हाफ में लातविया के मक्सिम्स टोनिसेव्स के आत्मघाती गोल और एबेरेची एज़े के गोल ने इंग्लैंड की 5-0 की एकतरफा जीत पर मुहर लगा दी।